उज्जैन
गुरुवार
08
अक्टूबर, 2026
मूल्य- 2 रु.
वर्ष-12
अंक-335
मालवा डिवीजन 402/2024-2026
आर एन आई क्रमांक 2013/57651

दैनिक ब्रह्मास्त्र

3 फर्जी डिग्री पर नौकरी, 51 शिक्षकों पर होगी एफआई आर

7 9 भारतीय पहलवानों को अमेरिकी वीजा नहीं



कियारा-सिद्धार्थ दूसरी बार पेरेंट्स बनेंगे

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मुंबई

कियारा आडवाणी और सिद्धार्थ मल्होत्रा दूसरी बार माता-पिता बनने वाले हैं। दोनों ने बुधवार को सोशल मीडिया पर यह जानकारी दी। पोस्ट में कियारा और सिद्धार्थ ने लिखा, एक बार फिर हमें जिंदगी का सबसे बड़ा तोहफा मिलने वाला है। हमारे दिल प्यार और आभार से भर गए हैं। कियारा आडवाणी और सिद्धार्थ मल्होत्रा की शादी 7 फरवरी 2023 को हुई थी। दोनों ने राजस्थान के जैसलमेर स्थित सूर्यगढ़ पैलेस में परिवार और करीबी दोस्तों की मौजूदगी में शादी की थी। दोनों की प्रेम कहानी फिल्म शेरशाह के दौरान चर्चा में आई थी। फिल्म में दोनों ने साथ काम किया था। फिल्म की शूटिंग के दौरान उनकी नजदीकियां बढ़ी थीं। शादी के करीब दो साल बाद कियारा और सिद्धार्थ पहली बार माता-पिता बने थे। जुलाई 2025 में दोनों ने सोशल मीडिया पर बेटी के जन्म की जानकारी दी थी। कपल ने बताया था कि उनके घर बेटी आई है। बाद में नवंबर 2025 में दोनों ने अपनी बेटी का नाम भी बताया था। उन्होंने बेटी का नाम सरायाह मल्होत्रा रखा। नाम की घोषणा करते हुए दोनों ने बेटी को अपना आशीर्वाद और राजकुमारी बताया था।

देश

- **राकेश टिकैत** की बिहार सरकार को चेतावनी, सर्किल रेट बढ़े बिना किसानों की जमीन नहीं लेने देंगे
- **मोदी 50 मिनट में** 19 बार बोले- वी विल डू इट, कहा- भारत के विकसित होने तक न थकूंगा, न रुकूंगा, बतौर पीएम-सीएम 25 साल पूरे, रिकॉर्ड बनाया
- **दिल्ली** बिल्डिंग हादसा, मृतकों का आंकड़ा बढ़कर 4 हुआ, इनमें एक प्रेग्नेंट महिला और 2 बच्चे; 8 घायल, 7 लोगों को बचाया गया
- **जम्मू में** बीएसएफ महिला कांस्टेबल की गोली लगने से मौत, जम्मू के आरएस पुरा सेक्टर में तैनात थीं, फायरिंग की वजह साफ नहीं
- **कश्मीर** के कुलगाम में 5 आतंकी गिरफ्तार, 2 पिस्तौल और 3 ग्रेनेड भी जब्त, 45 दिनों में 16 आतंकी पकड़ाए

विदेश

- **भारत** में बच्चों से जुड़ी आपत्तिजनक सामग्री पर मेटा की बड़ी कार्रवाई, 53 लाख मामलों पर लिया एक्शन
- **2026 का** केमिस्ट्री नोबेल फ्रांस-जापान के वैज्ञानिकों को, अणुओं के मिरर इमेज की 100 साल पुरानी गुत्थी सुलझाई, दवाएं बनाने में मदद मिली
- **अमेरिका में** विदेशी छात्रों के लिए नौकरी महंगी होगी, ट्रम्प सरकार ने 68 लाख फीस का प्रस्ताव रखा; भारत-चीन के छात्रों पर सबसे ज्यादा असर

व्यापार

- **एयरटेल** पोस्टपेड यूजर्स पर बढ़ा खर्च, 50 रुपये महंगे हुए प्लान, अब हर साल मिलेगा फ्री इंटरनेशनल रोमिंग पैक
- **मस्क बोले-** कुछ उद्योगपति स्टारलिंक को भारत में रोक रहे, मोनोपोली बनाए रखने का आरोप लगाया, कंपनी को आखिरी सरकारी मंजूरी का इंतजार

कार्टून..



नाना पाटेकर का 75 की उम्र में निधन:कार्डियक अरेस्ट हुआ


100 से ज्यादा फिल्म, 3 नेशनल, 4 फिल्मफेयर अवॉर्ड, कारगिल युद्ध में सेना के साथ रहे

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मुंबई

दिग्गज अभिनेता नाना पाटेकर का गुरुवार सुबह 75 की उम्र में निधन हो गया। उन्हें गोवा स्थित अपने घर पर कार्डियक अटैक हुआ था। उन्हें करीब 45 मिनट तक सीपीआर दी गई, लेकिन उन्हें बचाया नहीं जा सका।

मणिपाल हॉस्पिटल के डॉ. शेखर सालकर के मुताबिक नाना पाटेकर का सुबह 5:20 बजे निधन हुआ। उनके निधन के बाद मेडिको-लीगल केस दर्ज किया गया है और पोस्टमॉर्टम कराया जाएगा।

परिंदा में विलेन बने, 3 नेशनल अवॉर्ड जीते- नाना ने 100 से ज्यादा फिल्में कीं। 1989 की फिल्म परिंदा में नाना पाटेकर ने अन्ना का किरदार निभाया, जिसके लिए उन्हें बेस्ट सपोर्टिंग एक्टर का नेशनल फिल्म अवॉर्ड मिला। 1994 की क्रांतिवीर के लिए उन्हें बेस्ट एक्टर का नेशनल अवॉर्ड मिला। 1996 की अग्निसाक्षी के लिए भी उन्हें बेस्ट सपोर्टिंग एक्टर का नेशनल अवॉर्ड मिला। इस तरह उन्हें करियर में 3 नेशनल फिल्म अवॉर्ड मिले। भारतीय सिनेमा में योगदान के लिए नाना पाटेकर को 2013 में पद्मश्री से सम्मानित किया गया। अपने लंबे फिल्मी करियर में उन्होंने हिंदी के साथ मराठी फिल्मों में भी काम किया।



वेलकम में उदय शेट्टी बनकर कॉमेडी में भी छाए- 2007 में आई फिल्म वेलकम में नाना पाटेकर ने गैंगस्टर उदय शेट्टी का किरदार निभाया। इस कॉमेडी रोल को काफी पसंद किया गया। वे इसके सीक्वल वेलकम बैक में भी उदय शेट्टी के किरदार में नजर आए।

नाना पाटेकर ने फिल्म प्रहार: द फाइनल अटैक में आर्मी मेजर की भूमिका निभाने के लिए भारतीय सेना की मराठा लाइट इन्फैंट्री के साथ सैन्य प्रशिक्षण लिया था। इस दौरान उन्होंने करीब तीन साल तक ट्रेनिंग की थी। ट्रेनिंग पूरी करने के बाद नाना पाटेकर टेरिटोरियल आर्मी से जुड़े। उन्हें मानद कैप्टन के रूप में कमीशन मिला। बाद में उन्होंने लेफ्टिनेंट कर्नल के मानद पद तक सेवाएं दीं और 2013 में रिटायर हुए।

कारगिल युद्ध के दौरान भी सेना के साथ रहे

नाना पाटेकर का सेना से जुड़ाव 1999 के कारगिल युद्ध के दौरान भी सामने आया। रिपोर्ट्स के मुताबिक, उन्होंने तत्कालीन रक्षा मंत्री जॉर्ज फर्नांडिस से विशेष अनुमति लेकर करीब 2 से 3 सप्ताह यानी 15-20 दिन सेना के साथ अग्रिम इलाकों में बिताए। इस दौरान वह द्रास, लेह, कुपवाड़ा और सोपोर जैसे क्षेत्रों में गए। रिपोर्ट्स में यह भी बताया गया है कि उन्होंने सेना की क्विक रिएक्शन टीम के साथ समय बिताया।

राहुल ने 48 में से 14 घंटे सड़क पर बिताए, जमीन पर बैठकर खाना खाया, तीन बार हिरासत में

पिछले 3 साल में सबसे ज्यादा एक्टिव

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे और एसआईआर रद्द करने की मांग को लेकर राहुल गांधी लगातार दो दिन सड़क पर उतरे। 48 घंटों में उन्होंने 14 घंटे से ज्यादा प्रदर्शन में बिताए। 6 अक्टूबर को राहुल, प्रियंका और विपक्षी सांसदों ने आकाशवाणी परिसर में करीब 8 घंटे धरना दिया। इस दौरान राहुल पेड़ के नीचे जमीन पर बैठकर खाना खाते नजर आए। पुलिस ने उन्हें दो बार हिरासत में लिया।

7 अक्टूबर को राहुल ने विपक्षी सांसदों के साथ लंच किया और फिर जंतर-मंतर के लिए बस से रवाना हुए। पुलिस ने रास्ते में बस रोकी तो राहुल सड़क पर खड़े हो गए। नहीं हटने पर पुलिस उन्हें जबरन उठाकर ले गई और हिरासत में लिया। करीब दो घंटे बाद उन्हें छोड़ दिया गया। 2023 में भारत जोड़ो यात्रा खत्म होने के बाद यह उनका सड़क पर सबसे बड़ा प्रदर्शन रहा। बीच में वे छोटे प्रदर्शनों में शामिल होते रहे हैं। साल 2026 ऐसा है जब राहुल पिछले तीन सालों में सबसे ज्यादा एक्टिव हैं। 2024 में उन्होंने सिर्फ एक बड़े प्रदर्शन में हिस्सा लिया। वहीं 2025 में भी उन्होंने विपक्ष के साथ एक मार्च निकाला था। जबकि इस साल वे नीट पेपर मुद्दे के प्रदर्शन में छात्रों के साथ हुए व्यवहार और एसआईआर के विरोध में 4 महीनों में चार बड़े विरोध जता चुके हैं या प्रदर्शन में हिस्सा लिया है।

1. संसद से चुनाव आयोग की ओर मार्च- राहुल गांधी के नेतृत्व में इंडिया ब्लॉक के विपक्षी सांसद संसद से चुनाव आयोग के दफ्तर की ओर मार्च पर निकले। मुख्य मुद्दे एसआईआर, वोटर लिस्ट में कथित गड़बड़ी और उएउ ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग थे। विपक्ष चाहता था कि चुनाव आयोग उसकी शिकायतें सुने।



पुलिस ने बैरिकेड लगाकर मार्च रोका- मार्च को एनआईटीआई आया के पास रोक दिया गया। राहुल गांधी बैरिकेड पर चढ़ गए और तिरंगा लहराया। कई अन्य विपक्षी नेताओं को भी पुलिस ने रोककर हिरासत में लिया।

राहुल-प्रियंका आकाशवाणी भवन पहुंचे- मार्च रुकने के बाद राहुल गांधी और प्रियंका गांधी आकाशवाणी भवन परिसर में पहुंच गए। वहां दूसरे विपक्षी सांसद भी उनके साथ जुड़ गए। उन्होंने चुनाव आयोग से मुलाकात की मांग करते हुए वहीं धरना शुरू कर दिया।

करीब 9 घंटे तक धरना चला- राहुल गांधी ने धरने के दौरान मीडिया से बात की और कहा कि वह लोकतंत्र की रक्षा के लिए खड़े हैं। विपक्ष चाहता था कि करीब 240 सांसदों का प्रतिनिधिमंडल चुनाव आयोग से मिले। लेकिन एउकने कहा कि शाम 4 बजे तक किसी राजनीतिक दल ने औपचारिक रूप से मुलाकात का अनुरोध नहीं किया था। बाद में आयोग ने कहा कि 240 सांसदों को संसद परिसर में मिलने का प्रस्ताव उसके निर्धारित प्रोटोकॉल के अनुरूप नहीं था।

अपात्र पंजीयन पर शिकंजा, भावांतर से पहले सोयाबीन किसानों का होगा सत्यापन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

खरीफ-2026 की सोयाबीन फसल के लिए लागू भावांतर भुगतान योजना में फर्जीवाड़े और अपात्र किसानों के पंजीयन पर सरकार ने सख्ती शुरू कर दी है। पंजीयन प्रक्रिया पूरी होने के बाद अब योजना में पंजीकृत प्रत्येक किसान का गहन सत्यापन कराया जाएगा। सरकार का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि भावांतर भुगतान का लाभ केवल वास्तविक और पात्र सोयाबीन उत्पादक किसानों को ही मिले। इसके लिए प्रदेश के सभी जिलों में पंजीयन के सत्यापन की प्रक्रिया शुरू करने के निर्देश दिए गए हैं।

किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग, मंत्रालय भोपाल के सचिव निशांत वरवड़े ने इस संबंध में प्रदेश के सभी जिला कलेक्टरों को निर्देश जारी किए हैं। आदेश में स्पष्ट किया गया है कि सत्यापन कार्य में किसी भी स्तर पर शिथिलता नहीं बरती जाए। पंजीयन में दर्ज किसान, उसकी भूमि, फसल और अन्य संबंधित जानकारियों का परीक्षण कर यह सुनिश्चित किया जाए कि योजना का लाभ लेने वाला किसान वास्तव में सोयाबीन का पात्र उत्पादक है। निर्देशों के अनुसार सत्यापन के दौरान यदि कोई किसान अपात्र पाया जाता है अथवा उसके पंजीयन में किसी प्रकार की त्रुटि सामने आती है तो ऐसे पंजीयन को समय रहते चिन्हित कर निरस्त किया जाए। इससे भावांतर राशि का भुगतान होने के बाद विवाद या वसूली की स्थिति पैदा नहीं होगी। सरकार ने भुगतान से पहले ही संदिग्ध और अपात्र मामलों को अलग करने की व्यवस्था पर जोर दिया है।

सिकमी किसानों के पंजीयन पर भी नजर

सरकार ने सिकमी किसानों के पंजीयन को लेकर विशेष सावधानी बरतने के निर्देश दिए हैं। ऐसे मामलों में भूमि पर वास्तविक रूप से खेती करने वाले किसान और पंजीयन में दर्ज जानकारी का परीक्षण महत्वपूर्ण माना गया है। अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने के लिए कहा गया है कि किसी अन्य व्यक्ति की भूमि या कृषि संबंधी जानकारी का गलत तरीके से उपयोग कर योजना का लाभ लेने का प्रयास न हो। उज्जैन जिले में भी खरीफ सीजन की सोयाबीन फसल को देखते हुए यह सत्यापन महत्वपूर्ण माना जा रहा है। जिले में बड़ी संख्या में किसान सोयाबीन की खेती करते हैं और भावांतर भुगतान योजना किसानों को बाजार भाव और निर्धारित व्यवस्था के बीच अंतर की भरपाई से राहत देने के उद्देश्य से लागू की गई है। ऐसे में पात्र किसानों तक योजना का लाभ पहुंचाने के साथ अपात्र दावों को रोकना प्रशासन के सामने बड़ी जिम्मेदारी है। प्रशासनिक स्तर पर पंजीयन से जुड़ी जानकारियों की जांच के दौरान त्रुटिपूर्ण अथवा संदिग्ध मामलों को चिह्नित किया जाएगा। इसके बाद पात्रता के आधार पर आगे की कार्रवाई होगी। सरकार ने स्पष्ट किया है कि योजना की राशि का भुगतान ऐसे किसान को नहीं होना चाहिए, जो निर्धारित पात्रता पूरी नहीं करता है।

पेट्रोल पंप सील करने पहुंचे अधिकारी की हत्या

हमलावरों ने चाकू से 7 वार किए, पेट्रोलियम मंत्री बोले- दोषियों पर सख्त कार्रवाई हो

ब्रह्मास्त्र ▸▸ हिंगोली

महाराष्ट्र के हिंगोली जिले में मंगलवार को पेट्रोल पंप सील करने पहुंचे इंडियन ऑयल अधिकारी महेश शेलके की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। विवाद के बाद उन पर 7 बार चाकू से हमला किया गया।

पुलिस के मुताबिक, महेश इंडियनऑयल की टीम के साथ अंबाचोंडी गांव के पेट्रोल पंप को सील करने पहुंचे थे। इसी दौरान पंप मालिक के परिवार और वहां मौजूद लोगों से उनका विवाद हो गया। महेश इंडियनऑयल में मैनेजर और फील्ड ऑफिसर थे। यह पेट्रोल पंप कुछ दिन पहले ही दोबारा शुरू हुआ था।

केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने हत्या को निंदनीय और अस्वीकार्य बताया। उन्होंने कहा कि पेट्रोलियम मंत्रालय और इंडियनऑयल महेश के परिवार को हर संभव मदद देंगे। इंडियनऑयल के चेयरमैन एएस साहनी ने कहा कि महेश की मौत से वह बेहद दुखी हैं। महाराष्ट्र के हिंगोली में आधिकारिक ड्यूटी निभाते समय उन पर जानलेवा हमला किया गया।

इंडियनऑयल ने महेश को प्रतिभाशाली और होनहार सेल्स ऑफिसर बताया। कंपनी के मुताबिक, उनकी मेहनत और ईमानदारी के कारण उन्हें सहकर्मियों का सम्मान हासिल था। कंपनी ने कहा कि इस मुश्किल समय में वह उनके परिवार के साथ मजबूती से खड़ी है और हर संभव सहायता दे रही है।

सीजेपी प्रोटेस्ट में शामिल होंगे यूट्यूबर ध्रुव राठी

एसआईआर के खिलाफ प्रदर्शन, राठी बोले-लोकतंत्र को बचाने की लड़ाई, 10 अक्टूबर को दिल्ली में प्रोटेस्ट

ब्रह्मास्त्र ▸▸ बेंगलुरु

बेंगलुरु में गुरुवार को स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन के विरोध में कॉकरोच जनता पार्टी का प्रदर्शन होगा। इसमें यूट्यूबर ध्रुव राठी भी शामिल होंगे। राठी बेंगलुरु पहुंच चुके हैं। उन्होंने एक्स पर वीडियो शेयर कर इसकी जानकारी दी।

सीजेपी के फाउंडर अभिजीत दीपके ने भी एक वीडियो शेयर किया। इसमें उन्होंने कहा कि वह प्रदर्शन के लिए बेंगलुरु में हैं और सभी के लिए एक सरप्राइज लेकर आए हैं। इसके बाद वीडियो में ध्रुव राठी दिखाई देते हैं। 10 अक्टूबर को कॉकरोच जनता पार्टी दिल्ली के जंतर-मंतर पर मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे के लिए प्रदर्शन करने वाली है।

सीजेपी ने आज सुबह 10:30 बजे फ्रीडम पार्क में प्रदर्शन और पीपुल्स ट्रिब्यूनल का आयोजन किया है। दीपके उन स्थानीय लोगों से बातचीत करेंगे, जिनके नाम वोटर लिस्ट से गलत तरीके से हटाए गए हैं। इससे पहले बुधवार सुबह एक्टर प्रकाश राज ने एक्स पर वीडियो शेयर कर बताया था कि प्रदर्शन में एक सरप्राइज गेस्ट शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि यह खास मेहमान ध्रुव राठी हैं और यह बेंगलुरु में उनका पहला दौरा है। प्रकाश राज ने लोगों से बड़ी संख्या में फ्रीडम पार्क पहुंचने की अपील भी की।

एसआईआर को लेकर ज्ञानेश और चुनाव आयोग पर सवाल

द इंडियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट के मुताबिक, चुनाव आयुक्त सुखबीर सिंह संधू और विवेक जोशी ने एसआईआर से जुड़े फैसलों और आदेशों पर रिकॉर्ड में कम से कम 14 बार आपत्ति जताई थी। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि कुछ फैसले दोनों चुनाव आयुक्तों की जानकारी या सिफारिश के बिना जारी किए गए। इसके बाद विपक्ष सीईसी ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग कर देशभर में प्रदर्शन कर रहा है।

नरेंद्र मोदी स्टेडियम में बम की धमकी से मचा हड़कंप

ब्रह्मास्त्र ▸▸ अहमदाबाद

नरेंद्र मोदी स्टेडियम में बुधवार को भारत और ऑस्ट्रेलिया की अंडर-19 टीमों के बीच मैच चल रहा था। मैदान पर युवा खिलाड़ी मुकाबले में व्यस्त थे और मैच अपने अंतिम दौर में पहुंच चुका था। इसी दौरान स्टेडियम को बम से उड़ाने की धमकी वाला ईमेल मिलने से सुरक्षा एजेंसियों में हलचल मच गई। धमकी ऐसे समय सामने आई, जब दोनों टीमों के खिलाड़ी स्टेडियम परिसर में मौजूद थे। सूचना मिलते ही गुजरात क्रिकेट एसोसिएशन ने पुलिस को जानकारी दी और सुरक्षा जांच शुरू कर दी गई। बाद में पुलिस जांच में धमकी को फर्जी पाया गया। हालांकि, सुरक्षा एजेंसियों ने इसे हल्के में नहीं लिया और निर्धारित सुरक्षा प्रोटोकॉल के तहत पूरे घटनाक्रम को संभाला। दोनों टीमों को आवश्यक प्रक्रिया पूरी करने के बाद स्टेडियम से सुरक्षित बाहर निकाला गया। उपलब्ध रिपोर्टों के आधार पर यहां बम की धमकी को फर्जी/होक्स धमकी के रूप में स्पष्ट किया गया है, वास्तविक विस्फोटक मिलने की कोई पुष्टि नहीं हुई है। रिपोर्टों के मुताबिक धमकी वाला ईमेल बुधवार सुबह करीब 11 बजे मिला। उस समय भारत और ऑस्ट्रेलिया की अंडर-19 टीमों के बीच नरेंद्र मोदी स्टेडियम के ग्राउंड ए में दूसरा मल्टी-डे यूथ टेस्ट चल रहा था।

पाकिस्तान में आटे के संकट से जूझ रहे लोग

20 किलो आटे 3300 रुपए पहुंचा


ब्रह्मास्त्र ▸▸ इस्लामाबाद

पाकिस्तान के पेशावर में आटे की कीमत तेजी से बढ़ने से लोग परेशान हैं। 20 किलो मोटे आटे का बैग 3,300 पाकिस्तानी रुपए तक पहुंच गया है। आटे की कीमत बढ़ने का असर तंदूरों पर भी पड़ा है।

एएनआई के मुताबिक, 20 रुपए में मिलने वाली 50 ग्राम की रोटी अब 30 रुपए में बिक रही है। कई इलाकों में एक रोटी की बिक्री भी बंद कर दी गई है और 40 रुपए में दो रोटियां दी जा रही हैं। सरकारी सब्सिडी वाला आटा बाजार से लगभग गायब हो गया है। इसके चलते दुकानों पर व्यावसायिक आटे की कीमत बढ़ गई है। 20 किलो महीन आटे का बैग 3,120 रुपए में बिक रहा है, जबकि 80 किलो मोटे आटे की कीमत 13,200 रुपए पहुंच गई है। 20 किलो चोकर का बैग भी 1,480 रुपए में मिल रहा है। आटे की कीमत बढ़ने के पीछे कुछ कारोबारियों पर जमाखोरी करने के आरोप लग रहे हैं। आरोप है कि कारोबारियों ने आटे का स्टॉक गोदामों में रोक लिया, जिससे बाजार में इसकी उपलब्धता कम हो गई और कीमतें तेजी से बढ़ीं। आटे की अचानक बढ़ी कीमतों के बाद कानून-व्यवस्था से जुड़ी एजेंसियां बड़े कारोबारियों और आटा गोदामों पर नजर रख रही हैं। इस संकट के बीच आटा कारोबारियों के कुछ ही दिनों में करोड़ों रुपए का मुनाफा कमाने की बात भी सामने आई है।

कई इलाकों में दुकानदारों ने एक अकेली रोटी देना बंद किया

पेशावर के खैबर बाजार, अशरफ रोड, कराची मार्केट, नमक मंडी और गवर्नमेंट कॉलेज चौक जैसे इलाकों में कई दुकानदार अब एक अकेली रोटी नहीं दे रहे हैं। ग्राहकों को 40 रुपए में दो रोटियां खरीदनी पड़ रही हैं। लोगों का कहना है कि आटे की कीमत बढ़ने के साथ रोटी का वजन भी कम किया जा रहा है। आटे और रोटी की बढ़ती कीमतों से लोगों में नाराजगी है। उन्होंने प्रशासन से तय कीमत पर आटा और रोटी उपलब्ध कराने के साथ रोटी का वजन भी तय मानक के मुताबिक रखने की मांग की है। खाद्य विभाग का कहना है कि सब्सिडी वाला आटा अब भी पूरे प्रांत में बांटा जा रहा है। विभाग के मुताबिक, पिछले हफ्ते 1,611 सक्रिय डीलरों के जरिए सरकारी दरों पर 4,17,168 बैग आटा सप्लाई किया गया। पेशावर डिवीजन को 1,01,955, मलाकंड को 1,20,737 और मरदान को 59,389 बैग मिले।



महाकाल श्रृंगार



भांग-ड्रायफ्रूट, फूलों, रजत मुकुट-चंद्र से हुआ श्रृंगार

अपनेतक

जागरूकता के संकेत, अब ठोस कदम की जरूरत

पेपर लीक के मुद्दे पर तत्कालीन केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग से शुरू हुआ आंदोलन हो या अब मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर उठती आवाजें–इन घटनाओं ने एक बात स्पष्ट की है कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में जनता की जागरूकता और सवाल पूछने की भूमिका लगातार महत्वपूर्ण होती जा रही है।

क्या यह केवल अलग-अलग मुद्दों पर होने वाले आंदोलन हैं या देश में व्यापक जनजागरूकता का संकेत? इसका जवाब आने वाला समय देगा। लेकिन इतना जरूर है कि लोकतंत्र केवल चुनाव कराने से मजबूत नहीं होता। निष्पक्ष संस्थाएं, पारदर्शी प्रक्रियाएं, जवाबदेही और नागरिकों का विश्वास–ये सभी उसके जरूरी आधार हैं।

अब जरूरत आंदोलनों से आगे बढ़कर ऐसे ठोस और संस्थागत कदमों की है, जिनसे चुनावी प्रक्रिया और लोकतांत्रिक संस्थाओं की निष्पक्षता पर उठने वाले सवालों का विश्वसनीय समाधान हो। जनता का विश्वास किसी भी लोकतंत्र की सबसे बड़ी पूंजी है। इसलिए सवाल चाहे सत्ता से हो, विपक्ष से हो या किसी संवैधानिक संस्था से–जवाबदेही और पारदर्शिता का सिद्धांत सबके लिए समान होना चाहिए।

देश में बदलाव के संकेत कितने गहरे हैं, यह तो आने वाला समय बताएगा; लेकिन जागरूक नागरिक समाज की आवाज को लोकतंत्र में नजरअंदाज करना आसान नहीं होता।

कालिदास अकादमी में आज सजेगा कथक का रंगमंच

उज्जैन। कालिदास अकादमी के संकुल हॉल में आज 8 अक्टूबर 2026 को 'नृत्य अभिषेक' कथक सांस्कृतिक संध्या का आयोजन होगा। शाम 6.30 बजे से शुरू होने वाले इस कार्यक्रम में कीर्ति त्रिवेदी और उनके शिष्य विशेष लाइव कथक प्रस्तुति देंगे। प्रस्तुति के दौरान डॉ. पूनम व्यास पढ़ंत करेंगी और तालमणि पंडित ज्ञानेश्वर सावंत मृदंग वादन करेंगे। कार्यक्रम में पुरोधा पंडित श्रीधर व्यास और पंडित चंद्रशेखर व्यास भी लाइव सहभागिता करेंगे। इस आयोजन की रूपरेखा भव्य सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्था और वीणा नृत्य नाट्य कला केंद्र की डायरेक्टर कीर्ति त्रिवेदी तथा कान्हा क्रिएशंस बाय अंश के डायरेक्टर अंश सक्सेना ने तैयार की है। सांस्कृतिक संध्या में सारस्वत अतिथि के रूप में संस्कार भारती की अध्यक्ष माया बदेका, विक्रम विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. अर्पण भरद्वाज और कुलसचिव शैलेन्द्र शर्मा उपस्थित रहेंगे।

सिंधी कॉलोनी में 16 से 18 अक्टूबर तक होगी 'गरबों की गूंज'

उज्जैन। सिन्धु सेवा समिति के तत्वावधान में सिंधी कॉलोनी में 16, 17 और 18 अक्टूबर को तीन दिवसीय गरबों की गूंज का आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन के लिए सिंधी कॉलोनी में एक अक्टूबर से गरबा प्रशिक्षण निरंतर जारी है, जिसमें प्रतिदिन प्रतिभागियों की संख्या लगातार बढ़ रही है।

नवरात्र में बनेंगे 5 शुभ योग, चित्रा नक्षत्र में होगी घट स्थापना; 18 और 19 को अष्टमी

हाथी पर सवार आएंगी माता, आर्थिक बदलाव के संकेत



ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

शारदीय नवरात्र 11 अक्टूबर से शुरू होंगे और 20 अक्टूबर तक चलेंगे। इस बार किसी भी तिथि का क्षय नहीं होने से नवरात्र पूरे 9 दिन के रहेंगे। रविवार को चित्रा नक्षत्र में घट स्थापना होगी। श्रीमद् देवी भागवत के अनुसार रविवार को नवरात्र शुरू होने पर देवी का वाहन हाथी माना जाता है। ज्योतिषीय मान्यता में हाथी पर माता का आगमन सुख-समृद्धि, आर्थिक प्रगति और सकारात्मक बदलाव का संकेत माना जाता है। पंडित अमर डिब्बेवाला के अनुसार इस बार नवरात्र में एक अमृत सिद्धि योग, दो सर्वार्थ सिद्धि योग और दो रवि योग बनेंगे। इन योगों में साधना-उपासना के साथ भूमि, भवन, वाहन और अन्य शुभ कार्य करना महत्वपूर्ण माना गया है।

सर्वार्थ सिद्धि योग में खरीदारी और नए काम

सर्वार्थ सिद्धि योग को शुभ कार्यों के लिए अनुकूल माना जाता है। इस दौरान नया व्यापार, नौकरी, प्रोजेक्ट या अन्य काम शुरू करने के साथ भूमि, मकान, वाहन, सोने-चांदी के आभूषण और इलेक्ट्रॉनिक सामान खरीदने की परंपरा है। अमृत सिद्धि योग में भी शुभ कार्यों का विशेष महत्व माना गया है। इस दौरान बड़ी डील, बिजनेस कॉन्ट्रैक्ट, नौकरी से जुड़े प्रयास और आजीविका से संबंधित यात्रा करना शुभ माना जाता है।

20 अक्टूबर को दशहरा

नवमी तिथि 19 अक्टूबर को दोपहर करीब 12 बजे शुरू होकर 20 अक्टूबर को सुबह करीब 10 बजे तक रहेगी। इसके बाद दशमी तिथि शुरू होगी। इसलिए इस बार 20 अक्टूबर को दशहरा मनाया जाएगा। पंडित अमर डिब्बेवाला के अनुसार उज्जैन को तंत्र साधना की भूमि माना जाता है। यहां वैदिक साधना का भी विशेष महत्व है। कुल परंपरा या गुरु परंपरा के अनुसार की जाने वाली साधना से धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष चारों पुरुषार्थों की प्राप्ति की मान्यता है।

अष्टमी 18 और 19 अक्टूबर को

पंचांग के अनुसार अष्टमी तिथि 18 अक्टूबर को सुबह 8:27 बजे शुरू होगी और 19 अक्टूबर को सुबह 10:51 बजे तक रहेगी। जिन घरों में रात में पूजन की परंपरा है, वहां 18 अक्टूबर की शाम 3 से 5 बजे के बीच पारंपरिक पूजन किया जा सकता है। सुबह पूजन करने वाले श्रद्धालु 19 अक्टूबर को सुबह 10:51 बजे से पहले अष्टमी पूजन कर सकते हैं।

19 अक्टूबर को कन्या पूजन, इसके बाद अभिजीत मुहूर्त

कन्या पूजन के लिए 19 अक्टूबर को सूर्योदय से सुबह 10:51 बजे तक का समय बताया गया है। यदि इस अवधि में कन्या पूजन नहीं हो पाए तो दोपहर 11:43 से 12:30 बजे तक अभिजीत मुहूर्त में कन्या भोज कराया जा सकता है। इस समय तक नवमी तिथि शुरू हो चुकी होगी, लेकिन शास्त्रीय मान्यता में अभिजीत मुहूर्त को शुभ माना गया है।

कोठड़ी में दुग्ध उत्पादकों और पशुपालकों ने लिया एक दिवसीय प्रशिक्षण

सरपंच ने दुग्ध सहकारी समिति भवन निर्माण के लिए जमीन देने का दिया आश्वासन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

मप्र राज्य सहकारी संघ मर्यादित भोपाल और उज्जैन सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित उज्जैन ने राष्ट्रीय डेयरी विकास कार्यक्रम (एनपीडीडी) के तहत 7 अक्टूबर को ग्राम कोठड़ी में दुग्ध उत्पादकों और पशुपालकों के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया। ग्राम पंचायत सरपंच प्रधान सिंह ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

प्रशिक्षण में सहकारी प्रशिक्षण केंद्र इंदौर के प्राचार्य दिलीप मरमठ, सहकारी प्रशिक्षक राहुल श्रीवास, सरपंच प्रधान सिंह और दूध संघ पर्यवेक्षक कृष्णपाल सिंह ने पशुपालकों को स्वच्छ और गुणवत्तापूर्ण दूध उत्पादन के तरीके बताए। उन्होंने पशु आहार, उचित रख-रखाव, दूध सहकारी संस्था की कार्यप्रणाली और मुख्यमंत्री की गोपालन योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी।

अपने संबोधन में सरपंच प्रधान सिंह ने स्वच्छ दूध उत्पादन को प्रोत्साहित करने पर जोर दिया। उन्होंने दूध सहकारी समिति को भवन निर्माण के लिए जमीन उपलब्ध कराने का आश्वासन भी दिया। कार्यक्रम के अंत में सचिव सुरेश राठौड़ ने उपस्थित अतिथियों और सदस्यों का आभार माना।

दलहन-तिलहन बीजों की मांग 30 प्रतिशत तक बढ़ी

इस बार कम बारिश से सरसों, चना समेत कम पानी की फसलों का बढ़ेगा रकबा

गेहूं के मुकाबले दलहन और तिलहन बीजों की मांग में 25 से 30 प्रतिशत का उछाल

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

मप्र में मानसून की कमजोर विदाई और पश्चिमी अंचल में सूखे जैसे हालात के चलते आगामी रबी सीजन में बीजों की मांग और बुवाई के तरीके बदलने जा रहे हैं। जिलों में किसान अब 4 से 5 पानी (सिंचाई) मांगने वाले पारंपरिक गेहूं के रकबे में भारी कटौती करने के मूड में हैं।

इसकी जगह कम पानी में पकने वाली 5 वैकल्पिक फसलों जैसे चना, सरसों, मसूर, अलसी और कुसुम के बीजों का रुख किया जा रहा है। कृषि संचालनालय और मप्र राज्य बीज निगम के अधिकारियों के अनुसार गेहूं के मुकाबले दलहन और तिलहन बीजों की मांग में 25 से 30 प्रतिशत का उछाल देखा जा रहा है। अफसरों ने बताया कि राज्य में रबी सीजन में औसतन 20 से 25 लाख क्विंटल प्रमाणित बीजों का वितरण होता है। सामान्य वर्षों में कुल रबी बीज वितरण का लगभग 65 से 70 फीसदी हिस्सा (14 से 16 लाख क्विंटल) अकेले गेहूं का रहता था। लेकिन इस बार प्राथमिक मांग को देखते हुए गेहूं का आवंटन घटाकर 11 से 12 लाख क्विंटल रहेगा।

किस अंचल में कौन-सी फसल सिमटेगी



इंदौर-उज्जैन संभाग (मालवा): यह इलाका शरबती और ड्यूरम (कठिया) गेहूं का गढ़ माना जाता है। धार (52% डेफिसिट), आलीराजपुर (54% डेफिसिट), रतलाम (37% डेफिसिट) और उज्जैन में नलकूप रीचार्ज नहीं हुए हैं। यहां चना, सरसों बढ़ेंगे।

नर्मदापुरम, हरदा और बैतूलः तवा कमान क्षेत्र और नलकूपों के दम पर यह प्रदेश का सर्वाधिक गेहूं उत्पादक बेल्ट रहा है, लेकिन इस बार हरदा और नर्मदापुरम में 32 से 34 फीसदी कम बारिश दर्ज हुई है। किसान मसूर-अलसी के बीज मांग रहे हैं। झाबुआ, बड़वानी और खरगोन (निमाड़-आदिवासी बेल्ट): खरीफ में कपास और मक्का के बाद यहां गेहूं बोया जाता था। अब नमी की गंभीर कमी को देखते हुए किसान कम लागत वाली अलसी और कुसुम की ओर मुड़ रहे हैं, जो ओस और हल्की नमी में भी दाना बना लेती हैं।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रघुवंशी का ढोल नगाड़ों से स्वागत



न्यू बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कर्मचारी संघ ने किया अभिनंदन

उज्जैन। न्यू बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कर्मचारी संघ जिला इकाई ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ विक्रम रघुवंशी का ढोल-नगाड़ों और हार-फूल मालाओं के साथ स्वागत कर अभिनंदन किया।

संघ के जिला अध्यक्ष एसपी अहिरवार ने बताया कि इस अवसर पर प्रांतीय महामंत्री राजेंद्र अहिरवार, प्रांतीय संगठन से शकुंतला कौशल, राज्य कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष ओ पी जादव, मंत्री राजकुमार सोलंकी, संभागीय अध्यक्ष एम आर मंसूरी, संभागीय सचिव संजय सिसोदिया और संभागीय उपाध्यक्ष लक्ष्मी नारायण गहलोत उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में जिला सचिव परमानंद कटारिया, जिला प्रवक्ता एस के पुरैया, जिला संयोजक अजय परमार, जिला मीडिया प्रभारी बिजय परमार, कार्यकारी अध्यक्ष गायत्री बढ़िया, महिदपुर से जिला उपाध्यक्ष आशा अमृत फल, नागदा खाचरोद ब्लॉक उपाध्यक्ष ज्योति करणारे और जिला उपाध्यक्ष अंजुम कुरैशी भी मौजूद रहे।

इनके साथ ही मातृशक्ति महिला प्रमुख वर्षा चौहान, माधुरी पाध्ये, विनीता भटनागर, घटिया ब्लॉक अध्यक्ष महेश धनेलिया, बड़नगर ब्लॉक अध्यक्ष आर के अहिरवार, ताजपुर ब्लॉक अध्यक्ष जितेन्द्र गोयल, जिला सह सचिव एम डी अहिरवार सहित सक्रिय कार्यकर्ता प्रदीप अहिरवार और राकेश सोनी ने भी उपस्थित होकर स्वागत किया।

शिव महापुराण कथा में पंडित तिवारी ने सुनाया गणेश जन्मोत्सव प्रसंग

गणेश जी द्वारा माता-पिता की सात परिक्रमा लगाकर उन्हें ही सबसे बड़ा तीर्थ मानने के प्रसंग का भी वर्णन किया

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

दुर्गा सशक्त भाव वेलफेयर सोसाइटी के तत्वावधान में मालनवासा स्थित जागृति मैरिज गार्डन में पांच दिवसीय शिव महापुराण कथा का आयोजन किया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की प्रेरणा से आयोजित इस कथा में ज्योतिषाचार्य पंडित अजय शंकर तिवारी ने बुधवार को गणेश जन्मोत्सव का प्रसंग सुनाया।

कथावाचक पंडित अजय शंकर तिवारी ने बताया कि माता पार्वती के मैल से गणेश जी का जन्म हुआ। उन्होंने गणेश जी द्वारा माता-पिता की सात परिक्रमा लगाकर उन्हें ही सबसे बड़ा तीर्थ मानने के प्रसंग का भी वर्णन किया। पंडित तिवारी ने कहा कि माता-पिता के जीवित रहते



हुए यदि कोई पुत्र तीर्थ यात्रा करता है, तो वह फलदायी नहीं होती। सबसे पहले माता-पिता को तीर्थ यात्रा करानी चाहिए। इसके अलावा कथा में नंदीश्वर के जन्म का प्रसंग भी सुनाया गया। अंतिम दिन 8 अक्टूबर को 12 ज्योतिर्लिंग की महिमा का वर्णन किया जाएगा।

कथा में गुजरात से धीरूभाई पटेल, दिनेश भाई पटेल, प्रशांत जोशी, हिमांशु जोशी और कतर से सुरेंद्र बाबू मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। विशेष अतिथि पंडित हेमंत व्यास, कमल सिंह गहलोत और राम प्रकाश वेद मौजूद रहे। पंचकोशी सेवा समिति के दीपक बैरागी और उनकी टीम की ओर से महाप्रसादी का वितरण किया गया। कार्यक्रम में पार्षद निर्मला करण परमार और सुगन बाबूलाल बाघेला उपस्थित रहे। आयोजन को सफल बनाने में समिति अध्यक्ष दुर्गेश नंदिनी शर्मा, उपाध्यक्ष नीलू जैन, सचिव डॉ. दीपा बजाज, उपसचिव रुपाली शर्मा, कोषाध्यक्ष भावना जोशी सहित सदस्य अर्चना अत्रे, रेखा, श्रीकुंवर चावड़ा, भारती, संजय पवार, तूफान मालवीय, प्रेम राठौर, रमेश गुर्जर और ब्रह्म सिंह परिहार सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं।

मतदाताओं के लिए सूची में नाम जुड़वाने का 20 अक्टूबर तक मौका

उज्जैन। जिला पंचायत के पूर्व उपाध्यक्ष और वरिष्ठ कांग्रेस नेता भरत पोरवाल ने विधानसभा चुनाव में कटे हुए नामों को लेकर मतदाताओं से अपील की है। उन्होंने कहा है कि जिनके नाम पिछली बार मतदाता सूची से कट गए थे, वे 20 अक्टूबर तक अपना नाम दोबारा जुड़वा सकते हैं।

पोरवाल ने बताया कि निर्वाचन प्रक्रिया के तहत नाम जुड़वाने की सुविधा 20 अक्टूबर तक उपलब्ध है। मतदाता अपने परिवार के किसी भी सदस्य जैसे पत्नी, बच्चों आदि के कागजात (एड्रेस प्रूफ) प्रस्तुत करके अपना नाम जुड़वा सकते हैं। इसके लिए मतदाताओं को पोलिंग बूथ पर बीएलओ (बूथ लेवल ऑफिसर) के पास जाकर आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करने होंगे।

मालवा नृत्य महोत्सव में उज्जैन की चार नृत्यांगनाओं ने जीता प्रथम पुरस्कार

23वीं अखिल भारतीय सांस्कृतिक नृत्य प्रतियोगिता में प्रतिभा संगीत कला संस्थान ने विभिन्न वर्गों में मारी बाजी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

अखिल नटराजम आंतर सांस्कृतिक संघ नागपुर द्वारा इंदौर के विजयनगर स्थित आनंद मोहन माथुर सभागृह में आयोजित पांच दिवसीय 23वीं अखिल भारतीय सांस्कृतिक नृत्य प्रतियोगिता एवं मालवा नृत्य महोत्सव 2026 में प्रतिभा संगीत कला संस्थान उज्जैन की नृत्यांगनाओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इस महोत्सव का मुख्य विषय मालवा की संस्कृति नृत्य की अभिव्यक्ति रहा। प्रतियोगिता में जूनियर वर्ग उपशास्त्रीय नृत्य में रावी कृष्णानी और प्रार्थना आसवानी ने पहला स्थान हासिल किया। जूनियर वर्ग शास्त्रीय कथक नृत्य में वैदेही पंड्या और सीनियर वर्ग शास्त्रीय कथक नृत्य में खुशी भोंडवे ने बेहतरीन प्रस्तुति देकर अपने-अपने



वर्ग में प्रथम पुरस्कार जीता। संपूर्ण सत्रों में भाग लेने वाले प्रतियोगियों में सर्वश्रेष्ठ प्रस्तुति देने पर रावी कृष्णानी और वैदेही पंड्या को आयोजकों ने अलग से सम्मानित किया।

उत्कृष्ट नृत्य निर्देशन के लिए आयोजक संस्था ने प्रतिभा संगीत कला संस्थान की निदेशक एवं कोषाध्यक्ष अंतरराष्ट्रीय कथक नृत्यांगना इंजीनियर प्रतिभा रघुवंशी एलची को नृत्य सृजन गौरव पुरस्कार प्रदान किया। यह संस्थान शास्त्रीय कथक नृत्य का प्रशिक्षण ले रहे शिष्यों को विविध अवसर उपलब्ध कराने के लिए निरंतर कार्य कर रहा है।

महाकाल की नगरी में 8-9 अक्टूबर को होगा 'शक्तिधाम' प्रकल्प पर राष्ट्रीय मंथन

देशभर के विद्वान और संत करेंगे चिंतन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

शक्ति, श्रद्धा, शास्त्र और साधना को केंद्र में रखकर 51 शक्तिपीठों के 'शक्तिधाम' प्रकल्प को साकार करने के उद्देश्य से महाकाल की नगरी उज्जैन में 8 और 9 अक्टूबर 2026 को दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी और कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। मोक्षदायिनी शिप्रा के पावन तट पर हरसिद्धि माता के सान्निध्य में आयोजित होने वाले इस मंथन में देशभर के विद्वान, चिंतक और संत नर्मदा तट पर प्रस्तावित 'शक्तिधाम' के विभिन्न आयामों पर विचार-विमर्श करेंगे।

कार्यक्रम का उद्घाटन 8 अक्टूबर गुरुवार को सुबह 10 बजे होगा। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय कार्यकारी मंडल सदस्य सुरेश (भैया जी) जोशी मुख्य वक्ता और मध्यप्रदेश विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्रसिंह तोमर मुख्य अतिथि होंगे। राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व धर्मेंद्र भाव सिंह लोधी कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे। उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल, मंत्री उदयप्रताप सिंह, शक्तिधाम न्यास अध्यक्ष प्रशांत हतालकर और सिंहस्थ केंद्रीय समिति के पूर्व अध्यक्ष मारवन सिंह विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होंगे। इसके अलावा सांसद अनिल फिरोजिया, राज्यसभा सांसद बालयोगी उमेशनाथ जी महाराज, उज्जैन उत्तर विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा, महापौर मुकेश टटवाल और नगर निगम सभापति कलावती यादव की उपस्थिति रहेगी। दो दिवसीय आयोजन का समापन 9 अक्टूबर शुक्रवार को दोपहर 3:30 बजे होगा। समापन समारोह में भी मुख्य वक्ता सुरेश (भैया जी) जोशी होंगे, जबकि मुख्य अतिथि उच्च शिक्षा, आयुष, तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार मंत्री इंदरसिंह परमार रहेंगे। अध्यक्षता शक्तिधाम न्यास के अध्यक्ष प्रशांत हतालकर करेंगे। उज्जैन प्रभारी मंत्री गौतम टेटवाल, जिला पंचायत अध्यक्ष कमला कुंवर और उपाध्यक्ष शिवानी कुंवर विशिष्ट अतिथि होंगी। इस अवसर पर सिंहस्थ विकास प्राधिकरण अध्यक्ष जगदीश अग्रवाल, म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल अध्यक्ष ओम जैन और उज्जैन विकास प्राधिकरण अध्यक्ष रवि सोलंकी मौजूद रहेंगे।

उज्जैन
गुरुवार
08
अक्टूबर, 2026

दैनिक ब्रह्मास्त्र

दुयतं पुस्तकवाद्ये च नाटकेषु च सक्तिता।।
स्त्रियस्तन्द्रा च निन्द्रा च विद्याविघ्नकराणि षट्।।
अर्थः खेल में अष्टक, वाडो, नाट्य (बाधा), (पुरुष), तंद्रा और निंद्रा येंद्र शास्त्री में।

खबर एक नजर...

वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

इंदौर। महू के कोदरिया मार्ग पर बुधवार शाम वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। हादसा ईसाई समाज कब्रिस्तान के पास हुआ। मृतक की पहचान हाट मैदान निवासी शुभम कौशल के रूप में हुई है, जो पैदल सड़क से गुजर रहा था। टक्कर इतनी तेज थी कि युवक ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। टक्कर कौन से वाहन ने मारी है ये अभी तक पता नहीं चल पाया है। हादसे के बाद कोदरिया मार्ग पर पसरे अंधेरे को लेकर स्थानीय लोगों का गुस्सा फूट पड़ा है। रहवासियों का कहना है कि पूरे रास्ते पर पर्याप्त रोशनी का इंतजाम नहीं है। रात होते ही सड़क पर अंधेरा छा जाता है, जिससे पैदल चलने वालों और वाहन चालकों को कुछ नजर नहीं आता। स्थानीय निवासी शशांक लखन और रागिनी ने बताया कि अंधेरे के कारण इस मार्ग पर पहले भी कई हादसे हो चुके हैं। इसके बावजूद प्रशासन ने रोशनी की कोई व्यवस्था नहीं की। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि कोदरिया मार्ग के अंधेरे वाले हिस्सों की पहचान कर वहां तुरंत नई स्ट्रीट लाइटें लगाई जाएं। साथ ही जो लाइटें खराब पड़ी हैं, उन्हें जल्द से जल्द ठीक कराया जाए ताकि रात में लोग सुरक्षित आ-जा सकें।

घी में मिलावट :96 में से 28 सैंपल फेल, 10 गुना तक सीसा मिला

इंदौर। शहर में बिक रहे पैक्ड घी की जांच में खाद्य सुरक्षा विभाग को मिलावट के साथ स्वास्थ्य के लिए हानिकारक सीसा भी मिला है। जुलाई से सितंबर के दौरान जांचे गए घी के 28 सैंपल फेल हुए हैं। इनमें 24 अनसेफ और 4 सब-स्टैंडर्ड पाए गए। अनसेफ सैंपलों में से 16 की सीसा जांच हुई, जिनमें 10 में सीसा मिला। इन सैंपलों में सीसे की मात्रा 0.1 से 0.21एमजी/केजी तक रही, जबकि स्वीकार्य सीमा 0.02एमजी/केजी है। यानी कुछ सैंपलों में सीसे की मात्रा तय सीमा से 5 से 10.5 गुना तक ज्यादा मिली। इन 24 अनसेफ सैंपलों से करीब 17 हजार लीटर घी का स्टॉक जुड़ा है। विभागीय जानकारी के अनुसार कार्रवाई से पहले इसका 15 से 20% हिस्सा बाजार में पहुंच चुका था, यानी करीब 2550 से 3400 लीटर। रिपोर्ट आने के बाद संबंधित कंपनियों को चिन्हित बैच का माल वापस बुलाने के लिए पत्र भेजे गए हैं। विभाग के अनुसार 16 घी सैंपलों की सीसा जांच में 10 में इसकी मात्रा स्वीकार्य सीमा से अधिक मिली। इन सैंपलों में सीसे की मात्रा 0.1 से 0.21एमजी/केजी तक रही, जबकि सीमा 0.02एमजी/केजी है। सीसा शरीर में लंबे समय तक जाने पर स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचा सकता है।

इंदौर में छात्रा की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

इंदौर। एमआईजी थाना क्षेत्र में बुधवार को 19 वर्षीय स्कूली छात्रा की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। घटना के समय युवती अपनी बहन और उसके दोस्त के साथ घर पर थी। बड़ी बहन जब ऊपर के कमरे का दरवाजा खोलने गई, तो नीचे लौटने पर छात्रा फर्श पर बेसुध पड़ी मिली। उसे तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मृतका के सीने और कंधे के बीच चोट के हल्के निशान मिले हैं। पुलिस गुरुवार को शव का पोस्टमार्टम कराएगी। एमआईजी थाना प्रभारी सी.बी. सिंह के मुताबिक, मृतका की पहचान वैष्णवी (19), पिता स्वर्गीय रमेश सेन, निवासी जगजीवन राम नगर के रूप में हुई है। वह अपनी मां, बड़ी बहन कृष्णा और छोटे भाई के साथ किराए के मकान में रहती थी। बुधवार दोपहर करीब 12 बजे वैष्णवी घर के कमरे में बेसुध पड़ी मिली। इसके बाद बड़ी बहन कृष्णा अपने दोस्त के साथ उसे निजी वर्मा अस्पताल लेकर पहुंची। वहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए एमवाय (ट) अस्पताल के शवगृह भेज दिया गया।

दलहन-तिलहन बीजों की मांग 30 प्रतिशत तक बढ़ी

इंदौर। मप्र में मानसून की कमजोर विदाई और पश्चिमी अंचल में सूखे जैसे हालात के चलते आगामी रबी सीजन में बीजों की मांग और बुवाई के तरीके बदलने जा रहे हैं। जिलों में किसान अब 4 से 5 पानी (सिंचाई) मांगने वाले पारंपरिक गेहूं के रकबे में भारी कटौती करने के मूड में हैं। इसकी जगह कम पानी में पकने वाली 5 वैकल्पिक फसलों जैसे चना, सरसों, मसूर, अलसी और कुसुम के बीजों का रुख किया जा रहा है। कृषि संचालनालय और मप्र राज्य बीज निगम के अधिकारियों के अनुसार गेहूं के मुकाबले दलहन और तिलहन बीजों की मांग में 25 से 30 प्रतिशत का उछाल देखा जा रहा है। अफसरों ने बताया कि राज्य में रबी सीजन में औसतन 20 से 25 लाख क्विंटल प्रमाणित बीजों का वितरण होता है। सामान्य वर्षों में कुल रबी बीज वितरण का लगभग 65 से 70 फीसदी हिस्सा (14 से 16 लाख क्विंटल) अकेले गेहूं का रहता था। लेकिन इस बार प्राथमिक मांग को देखते हुए गेहूं का आवंटन घटाकर 11 से 12 लाख क्विंटल रहेगा। इंदौर-उज्जैन संभाग (मालवा): यह इलाका शरबती और ड्यूरम (कठिया) गेहूं का गढ़ माना जाता है। धार (52% डेफिसिट), आलीराजपुर (54% डेफिसिट), रतलाम (37% डेफिसिट) और उज्जैन में नलकूप रीचार्ज नहीं हुए हैं। यहां चना, सरसों बढ़ेंगे।

इंदौर की स्वच्छता व्यवस्था और शहर की छवि को लेकर बुधवार को रेसीडेंसी कोठी में हुई बैठक

हम निगम के साथ, छवि खराब करने वाली गतिविधियां स्वीकार नहीं

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

इंदौर की स्वच्छता व्यवस्था और शहर की छवि को लेकर बुधवार को रेसीडेंसी कोठी में बैठक हुई। मध्यप्रदेश राज्य सफाई कर्मचारी आयोग के अध्यक्ष एवं कैबिनेट दर्जा प्राप्त प्रताप करोसिया, कलेक्टर शिवम वर्मा और नगर निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल ने कर्मचारी संगठनों और वाल्मीकि समाज की पंचायतों के प्रतिनिधियों से चर्चा की।

प्रताप करोसिया ने कहा कि इंदौर की स्वच्छता व्यवस्था और शहर की छवि को प्रभावित करने वाली मौजूदा परिस्थितियों में चारों पंचायतें और कर्मचारी यूनियन नगर निगम के साथ हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि यूनियन या समाज के संगठन इस आंदोलन के साथ नहीं हैं और न ही उनका इन गतिविधियों से कोई संबंध या समर्थन है। स्वच्छता व्यवस्था और शहर की छवि को नुकसान पहुंचाने वाली गतिविधियां किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं की जाएंगी।

करोसिया ने कहा कि इंदौर की सभी ट्रेड यूनियनों और चारों पंचायतों ने ऐसे तत्वों को स्पष्ट संदेश दिया है कि शहर की स्वच्छता व्यवस्था को प्रभावित करने वाले किसी भी प्रयास का समर्थन नहीं किया जाएगा। कर्मचारी संगठन और पंचायतें नगर निगम प्रशासन के साथ समन्वय बनाकर शहरहित में अपनी जिम्मेदारी निभाएंगी।



इंदौर की छवि खराब करने वाले कृत्य पर होगी कार्रवाई- कलेक्टर शिवम वर्मा ने कहा कि इंदौर ने स्वच्छता के क्षेत्र में देशभर में जो प्रतिष्ठा हासिल की है, उसे बनाए रखना सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है।

कर्मचारी यूनियनों और पंचायत प्रतिनिधियों के साथ सकारात्मक चर्चा हुई है। स्वच्छता व्यवस्था को प्रभावित करने या इंदौर की छवि खराब करने वाले किसी भी कृत्य को गंभीरता से लिया जाएगा और नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल ने कहा कि इंदौर स्वच्छता के क्षेत्र में देश में अग्रणी है। इस प्रतिष्ठा को बनाए रखने के लिए नगर निगम प्रशासन, कर्मचारी संगठन और समाज की सभी पंचायतें मिलकर काम करेंगी। शहर की स्वच्छता व्यवस्था सुचारु रखने और जनता के हितों को प्राथमिकता देते हुए सभी संगठनों और पंचायतों ने प्रशासन के साथ समन्वय व सहयोग का आश्वासन दिया है। किसी भी परिस्थिति में स्वच्छता व्यवस्था प्रभावित नहीं होने दी जाएगी।

वाल्मीकि सेना का प्रतिनिधिमंडल अपर आयुक्त से मिला

इधर, वाल्मीकि सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष इंजीनियर संतोष कल्याणे ने बताया कि वे बुधवार शाम निगम आयुक्त से मिलने स्मार्ट सिटी ऑफिस पहुंचे, लेकिन आयुक्त से मुलाकात नहीं हो सकी। उनकी जगह अपर आयुक्त ने उनसे चर्चा की, लेकिन सहमति नहीं बनी। उन्होंने कहा कि सेना की ओर से घोषित पांच दिन की हड़ताल जारी रहेगी। दो दिन बाद आगे की रूपरेखा तय की जाएगी। मांगें पूरी नहीं होने पर अनिश्चितकालीन हड़ताल की जा सकती है।

सफाई मित्रों को रोका तो होगी कार्रवाई, फुटेज के आधार पर एफआईआर

इधर, स्वास्थ्य विभाग के अमले के साथ भी निगम आयुक्त ने बैठक की। उन्होंने निर्देश दिए कि किसी सफाई मित्र को काम पर आने से रोका गया या उसके काम में किसी तरह का अवरोध किया गया तो संबंधित व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई होगी। उज्जैन में घटना कैद होने पर फुटेज के आधार पर एफआईआर भी दर्ज कराई जाएगी। निगम आयुक्त ने कर्मचारियों से कहा कि वे सुबह से अपने-अपने क्षेत्रों में फील्ड में रहें और सफाई व्यवस्था पर लगातार नजर रखें। किसी भी क्षेत्र में सफाई को लेकर लापरवाही या कमी नहीं मिलनी चाहिए।

इंदौर के वार्ड 75 में गंदे पानी के लिए सैंपल

आज आ सकती है रिपोर्ट, टैंकरों से पानी की सप्लाई

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

इंदौर के वार्ड 75 में कुमार भट्टी में गंदे पानी का मामला गहराता जा रहा है। नगर निगम ने यहां से पानी के सैंपल ले लिए है, मगर उसकी रिपोर्ट आने का इंतजार है। संभावना है कि गुरुवार को इसकी रिपोर्ट आ सकती है।

गंदे पानी को लेकर वार्ड पार्षद कुणाल सोलंकी नगर निगम की जनसुनवाई में गए थे, जहां पर उन्होंने गंदा पानी बोतल में गिफ्ट पैक कर अधिकारियों को दिया था।

इसी दिन रात में सप्लाई के बाद नगर निगम के अधिकारियों ने यहां से पानी के सैंपल कलेक्ट किए थे। हालांकि जब सप्लाई की गई थी, तब भी यहां पर गंदा पानी ही आ रहा था। बुधवार को इलाके में अलग-अलग जगह काम भी शुरू किया गया। नगर निगम के अधिकारियों के संज्ञान में मामला आने के बाद उन्होंने मंगलवार रात को ही इलाके में पानी के सैंपल कलेक्ट किए। यहां एक दिन छोड़कर पानी की सप्लाई होती है। मंगलवार रात को सप्लाई के दौरान जब लोगों के घरों में पानी आया तो उसके सैंपल निगम अधिकारियों ने कलेक्ट किए।



घरों में आया गंदा पानी, टैंकरों से सप्लाई

पार्षद कुणाल सोलंकी ने बताया कि मंगलवार को पानी की सप्लाई के बाद भी गंदा पानी आया है, जिसका अधिकारियों ने सैंपल लिया है। इलाके में काफी समय से गंदे पानी की शिकायत लोगों ने की थी। जिसके बाद नगर निगम की जनसुनवाई में हम ये शिकायत लेकर पहुंचे थे।

मामले में अपर आयुक्त आशीष पाठक ने बताया कि मंगलवार रात को सैंपल लिए गए है। गुरुवार को सैंपल की रिपोर्ट आने की संभावना है। वैसे वह इलाका नर्मदा विहिन है और करीब 200 से 250 घरों में ही कनेक्शन है। पहले भी टेस्ट कराए थे, जब साफ पानी आ रहा था। उन्होंने कहा कि सीवर के इश्यू आते है। हमने सैंपल लेकर बैक्टिरियल टेस्ट कराया है, जिसके रिपोर्ट आना है। यहां पर अलग-अलग स्थानों पर पिट लगाकर जांच की जा रही है। अपर आयुक्त ने कहा कि रिपोर्ट सही आने के बाद ही सप्लाई की जाएगी। फिलहाल टैंकरों से यहां पानी की सप्लाई की जा रही है।

जैन मंदिर में चोरी करने वाले दो बदमाश पकड़ाए

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

इंदौर की क्षिप्रा थाना पुलिस ने जैन मंदिर में हुई चोरी का खुलासा करते हुए दो इनामी बदमाशों को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपियों पर पुलिस ने 5-5 हजार रुपए का इनाम घोषित किया था। पुलिस पिछले 20 दिनों से सीसीटीवी फुटेज और आरोपियों के हुलिए के आधार पर उनकी तलाश कर रही थी। एक आरोपी को घेराबंदी कर पकड़ा गया। उसकी निशानदेही पर दूसरे आरोपी के घर के पीछे जमीन में गाड़कर छिपाई गईं भगवान की मूर्तियां बरामद की गईं। मामले में शामिल तीन अन्य आरोपी अभी फरार हैं। ग्रामीण एसपी राजेश वर्मा ने बताया कि 16 सितंबर को क्षिप्रा थाना क्षेत्र स्थित जैन मंदिर में चोरी हुई थी। बदमाश मंदिर से तीन बेशकीमती मूर्तियां, भगवान के कमल और दानपात्र में रखी नकदी चोरी कर ले गए थे। पुलिस को मिले सीसीटीवी फुटेज में पांच बदमाश नजर आए थे। इसके बाद पुलिस ने फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान और उनकी तलाश शुरू की।

मेट्रो अफसरों की दलील

तोतों का घर बचाने के लिए लगेंगे 400 करोड़ रुपए

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

रानी सराय में प्रस्तावित मेट्रो स्टेशन के खिलाफ दायर याचिका में मेट्रो कंपनी ने बुधवार को हाईकोर्ट में जवाब पेश किया। क्षेत्र में पेड़ों पर तोतों के घर बचाने के लिए स्टेशन का स्थान बदलने की मांग की जा रही है। मेट्रो कंपनी ने बताया कि इसको लेकर तीन विकल्प रीगल टॉकीज, प्रीतमलाल दुआ सभागृह और गांधी हॉल का परीक्षण किया है। ये तीनों अव्यावहारिक हैं। स्टेशन की जगह बदली तो 400 करोड़ रु. लागत बढ़ जाएगी।

रीगल टॉकीजः रीगल टॉकीज क्षेत्र में स्टेशन के लिए मिल्की-वे परिसर और 5 हजार वर्गमीटर निजी जमीन की जरूरत होगी। इससे होटल, सरकारी आवास व जज बंगले प्रभावित होंगे। करीब 400 करोड़ लागत वाले इस विकल्प में 2 साल भूमि अधिग्रहण में लगेंगे और प्रोजेक्ट 3-4 साल पीछे जाएगा।

प्रीतमलाल दुआ सभागृहः यहां स्टेशन बनने से प्रीतमलाल दुआ सभागृह, महावीर स्तंभ, सिंगापुर मार्केट और अहिल्या पुस्तकालय हट सकते हैं। निर्माण के दौरान हाईकोर्ट का बगीचा प्रभावित होगा और गेट 1 व 2 बंद रहेंगे। गांधी हॉलः राजवाड़ा स्टेशन का निर्माण से रूट बदलना संभव नहीं। गांधी हॉल ऐतिहासिक इमारत है, जिसे तोड़ने पर विरोध होगा।

पक्षियों की चहल-पहल वाला स्थान : पूरे शहर में रीगल, रानी सराय ही ऐसा इलाका है, जहां 24 घंटे हैवी ट्रैफिक के बावजूद तोते बेखौफ आकर बैठते हैं। पिछले दिनों हाईकोर्ट के दो जज भी पक्षियों का बसेरा देखने शाम के समय आए थे।

एलआईजी-नवलखा एलिवेटेड कॉरिडोर पर सवा घंटे बहस

24 मीटर रोटरी और 350 करोड़ लागत पर सवाल

एलिवेटेड कॉरिडोर मामले में अंतिम सुनवाई पूरी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

एलआईजी चौराहा से नवलखा चौराहा तक प्रस्तावित एलिवेटेड कॉरिडोर को लेकर बुधवार को मप्र हाईकोर्ट की इंदौर बेंच में सवा घंटे से अधिक समय तक अंतिम सुनवाई हुई।

जस्टिस सुबोध अभ्यंकर और जस्टिस जय कुमार पिल्लई की डिवीजन बेंच के सामने शासन और इंदौर उत्थान अभियान समिति ने कॉरिडोर को ट्रैफिक के लिहाज से उपयोगी और तकनीकी रूप से व्यवहार्य बताया। वहीं याचिकाकर्ताओं ने ट्रैफिक सर्वे की विश्वसनीयता, प्रोजेक्ट की लागत, डिजाइन, रोटरी, राइट टर्न और सतत एलिवेटेड कॉरिडोर की जरूरत पर सवाल उठाए। शासन की ओर से परियोजना की उपयोगिता समझाने के लिए कोर्ट में वीडियो प्रेजेंटेशन भी दिया गया। याचिकाकर्ताओं ने इसका विरोध करते हुए कहा कि वीडियो से किसी प्रोजेक्ट की उपयोगिता साबित नहीं की जा सकती, इसके लिए वर्तमान ट्रैफिक आंकड़ों और स्वतंत्र तकनीकी अध्ययन की जरूरत है।



दोनों पक्षों की अंतिम दलीलें सुनने के बाद कोर्ट ने याचिकाकर्ता से बहस का संक्षिप्त सिनॉप्सिस मांगा है। अब मामले में अंतिम आदेश का इंतजार है।

एक्रोपोलिस की ट्रैफिक सर्वे रिपोर्ट पर सबसे ज्यादा आपत्ति- सुनवाई के दौरान एक्रोपोलिस कॉलेज की ट्रैफिक सर्वे रिपोर्ट सबसे अहम मुद्दों में रही। याचिकाकर्ताओं ने कहा कि इस रिपोर्ट के आधार पर कॉरिडोर की उपयोगिता तय नहीं की जा सकती। उनका दावा है कि एसजीएसआईटीएस ने सर्वे के मूल डेटा में डेटा दोहराव, कॉपी-पेस्ट की त्रुटियों और कथित डेटा मैनिपुलेशन जैसी विसंगतियां बताई थीं। याचिकाकर्ता पक्ष के अनुसार इन तकनीकी आपत्तियों पर लंबे समय तक विभागीय स्तर पर संयुक्त चर्चा नहीं हुई। बाद में एक्रोपोलिस से इन आपत्तियों पर जवाब मांगा गया। याचिकाकर्ताओं ने मांग की कि सर्वे करने वाली संस्था, ऑडिट विशेषज्ञ और संबंधित विभागीय अधिकारियों की संयुक्त बैठक कर सभी तकनीकी आपत्तियों का समाधान कराया जाए। इंदौर उत्थान अभियान समिति की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता अजय बागड़िया ने तर्क दिया कि केवल एक सर्वे रिपोर्ट के आधार पर एलिवेटेड कॉरिडोर की व्यवहार्यता पर निष्कर्ष नहीं निकाला जा सकता। उनके अनुसार एसजीएसआईटीएस की तकनीकी जांच में मूल सर्वे डेटा की कमियां सामने आई थीं और परियोजना का आकलन मौजूदा यातायात परिस्थितियों को ध्यान में रखकर किया जाना चाहिए।

350 करोड़ का प्रोजेक्ट या 700-750 करोड़ तक खर्च?

लागत को लेकर भी दोनों पक्षों में अलग-अलग दलीलें सामने आईं। याचिकाकर्ता पक्ष ने कहा कि करीब 350 करोड़ रुपए की लागत का अनुमान वर्ष 2019-20 से चला आ रहा है। इस दौरान डिजाइन और परियोजना की विभिन्न भुजाओं में बदलाव हुए हैं। बिजली लाइनों की शिफ्टिंग और अन्य खर्च जोड़ने के बाद वास्तविक लागत 700 से 750 करोड़ रुपए तक पहुंच सकती है। इसके जवाब में शासन ने बताया कि प्रोजेक्ट का जीएडी ईआरपी पोर्टल पर अपलोड किया जा चुका है। परियोजना की अनुमानित लागत करीब 350 करोड़ रुपए है और इसमें करीब 10% तक बदलाव संभव है। प्रस्तावित करीब 24 मीटर की आंतरिक रोटरी की क्षमता पर भी याचिकाकर्ताओं ने सवाल उठाए। उनका कहना था कि पीक आवर्स में सीमित क्षमता के कारण यहां ट्रैफिक जाम हो सकता है।

---

20 साल में 100 करोड़ से ज्यादा वेतन ले चुके, शिवराज सरकार में हुई थी भर्ती

फर्जी डिग्री पर नौकरी, 51 शिक्षकों पर होगी एफआईआर

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

मध्य प्रदेश के इंदौर में फर्जी डीएड-बीएड डिग्री और अंकसूचियों के आधार पर सरकारी नौकरी पाने वाले 51 शिक्षकों पर एफआईआर होगी। ये शिक्षक करीब 20 साल से सरकारी स्कूलों में पढ़ा रहे हैं। इनमें कई प्रमोशन भी पा चुके हैं। इन शिक्षकों की वर्तमान मासिक सैलरी 50 हजार से 1 लाख रुपए तक है। विभाग नौकरी के दौरान मिले वेतन की गणना कर रहा है। अधिकारियों के अनुमान के मुताबिक, वसूली की राशि करीब 100 करोड़ रुपए तक पहुंच सकती है।

मामला सांवेर में 2006-07 की संविदा शाला शिक्षक भर्ती का है, जो शिवराज सिंह चौहान की भाजपा सरकार के दौरान हुई थी। जांच में 51 शिक्षकों की डिग्री-अंकसूची फर्जी पाई गई है, जबकि 23 अन्य संदिग्ध शिक्षकों



की जांच जारी है। लोकायुक्त ने 74 शिक्षकों का रिकॉर्ड मांगा है।

2021 में शिकायत, 2024 में जांच रिपोर्ट- इंदौर ऊएड शौर्य मल्होत्रा के मुताबिक, सांवेर विकासखंड के सरकारी स्कूलों में फर्जी डिग्री के आधार पर नौकरी करने वाले शिक्षकों की शिकायत 2021 में हुई थी। इसके बाद जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय ने नियुक्ति के समय प्रस्तुत डीएड-बीएडकी अंकसूचियों का सत्यापन कराया। माध्यमिक शिक्षा मंडल से सत्यापन की जानकारी जून 2022 से अप्रैल 2023 के बीच विभाग को मिली। इसके बाद चार प्राचार्यों की समिति गठित की गई। समिति ने मई 2024 में रिपोर्ट सौंपी।

कई अंकसूचियां बोर्ड ने जारी ही नहीं कीं- समिति की रिपोर्ट में सामने आया कि संविदा शाला शिक्षक परीक्षा में प्रस्तुत कई अंकसूचियां माध्यमिक शिक्षा मंडल ने जारी नहीं की थीं। कुछ मामलों में एक ही रोल नंबर पर दूसरे परीक्षार्थी की अंकसूची मिली। रळऋ भोपाल ने भी मामले की जांच की और संबंधित डिग्रियों को फर्जी पाया। जांच के दायरे में उत्कृष्ट उमावि सांवेर, कन्या उमावि सांवेर, उमावि चंद्रावतीगंज, उमावि डकाच्या, उमावि मांगल्या, उमावि धरमपुरी और उमावि अजनोद संकुल शामिल हैं।

सितंबर 2024 में एफआईआर के निर्देश, फिर भी कार्रवाई नहीं

समिति की रिपोर्ट के बाद सितंबर 2024 में संबंधित संकुल प्राचार्यों को शिक्षकों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश दिए गए थे। इसके बावजूद एफआईआर दर्ज नहीं हुई। इस दौरान जांच में जिन शिक्षकों के दस्तावेज संदिग्ध या फर्जी पाए गए, वे सरकारी सेवा में बने रहे और वेतन लेते रहे। तत्कालीन अधिकारियों की ओर से इस संबंध में कार्रवाई नहीं की गई।

सभी के पास डीएड, करीब 20 के पास बीएड- जांच में सामने आया है कि 51 शिक्षकों के पास ऊएि की डिग्री है। इनमें करीब 20 शिक्षकों ने इ.एि भी किया है। दस्तावेजों में डिग्रियां माध्यमिक शिक्षा मंडल, मप्र की बताई गई हैं। कुछ शिक्षकों ने जिला शिक्षण इंस्टीट्यूट ऑफ एजुकेशन उज्जैन, देवास और इंदौर के सेंटरों से डिग्री बनवाने का दावा किया है।

अब एफआईआर और वेतन की वसूली की तैयारी- जिला शिक्षा अधिकारी शौर्य मल्होत्रा ने संकुल प्राचार्यों और इएड को 51 शिक्षकों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश दिए हैं। विभाग प्रत्येक शिक्षक की सेवा अवधि और इस दौरान मिले वेतन की गणना कर रहा है। इसी आधार पर नौकरी के दौरान मिले वेतन की वसूली की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। फिलहाल अधिकारियों के अनुमान के अनुसार यह राशि करीब 100 करोड़ रुपए तक पहुंच सकती है। लोकायुक्त इस मामले की जांच कर रहा है। उसने 74 शिक्षकों की पहली नियुक्ति से वर्तमान पदस्थापना तक का पूरा रिकॉर्ड शिक्षा विभाग से तलब किया है। जांच में यह भी देखा जा रहा है कि इन शिक्षकों की नियुक्ति किस आधार पर हुई और इतने वर्षों तक इनके दस्तावेजों का सत्यापन क्यों नहीं किया गया।

खबर एक नजर...

रायसेन में मंडी सचिव पर तलवार से हमला, दोनों हाथों में लगी चोट

रायसेन। रायसेन की बेगमगंज कृषि उपज मंडी में बुधवार शाम मंडी सचिव अनुराग रघुवंशी पर तलवार से हमला हुआ। वे निरीक्षण कर रहे थे, तभी सौरभ शर्मा नाम का व्यक्ति आया और उन पर हमला कर दिया। बचाव में सचिव के दोनों हाथों में चोट आई।

अचानक हुए इस हमले से मंडी में हड़कंप मच गया। कर्मचारियों और हम्मालों ने तत्काल बीच-बचाव कर सचिव को बचाया। घायल सचिव को सिविल अस्पताल बेगमगंज ले जाया गया। इसके बाद सचिव ने थाने पहुंचकर आरोपी सौरभ शर्मा के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। हमले की पूरी घटना मंडी के सीसीटीवी कैमरे में कैद है, जिसमें आरोपी हमला करते दिख रहा है। पुलिस ने फुटेज जांच में शामिल की है। थाना प्रभारी राजीव उईके के मुताबिक, हमले की वजह अभी साफ नहीं है। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है और उससे जुड़े लोगों से पूछताछ जारी है। जांच के बाद ही हमले का असली कारण पता चलेगा। बेगमगंज एसडीओपी सोनाली गुप्ता का कहना है कि मंडी सचिव पर सौरभ शर्मा नाम के व्यक्ति द्वारा तलवार से हमला किए जाने की घटना सामने आई है। सचिव के दोनों हाथों में चोटें आई हैं। थाना बेगमगंज में आरोपी के खिलाफ सुसंगत धाराओं में प्रकरण दर्ज कर लिया गया है। आरोपी की तलाश की जा रही है, जल्द ही उसे गिरफ्तार किया जाएगा।

ट्रेन में रुपए मांगते पकड़ाए 3 किन्नर, कई यात्रियों से की अवैध वसूली

कटनी। कटनी से जबलपुर के बीच चलती ट्रेन में यात्रियों से पैसे मांगने और अभद्रता करने के आरोप में आरपीएफ ने तीन किन्नरों के खिलाफ कार्रवाई की है। आरपीएफ के मुताबिक, तीनों ने कई यात्रियों से पैसे मांगे। रुपए नहीं देने वाले यात्रियों के साथ बदतमीजी की गई। बुधवार को उप निरीक्षक राजकुमार चन्देल, प्रधान आरक्षक जितेन्द्र तिवारी, विपिन कुमार दुवे, आरक्षक हरिकेश दुवे और आरक्षक अरुण यादव प्लेटफार्म पर तैनात थे। इसी दौरान गाड़ी क्रमांक 11401 आउटर पर आकर रुकी। आरपीएफ ने कोच में चेकिंग की तो तीन किन्नर बिना अधिकार पत्र के यात्रियों से पैसे मांगते मिले। यात्रियों ने आरपीएफ से उनके द्वारा परेशान करने की शिकायत की। आरपीएफ ने बबली गुरु रेशम खान (35), काली गुरु रेशम खान (45) और गंगा गुरु संजना (48), सभी निवासी नाला मोहल्ला, इटारसी, को पकड़ा। तीनों के खिलाफ अपराध क्रमांक 2737/2026, 2738/26 और 2739/26 दर्ज कर धारा 137 और 145 रेल अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है

फ्रैक्चर पैर पर कागज का गत्ता लगाकर बांधी पट्टी

मैहर। मैहर जिले के अमरपाटन में बुधवार देर रात सड़क हादसे में घायल बाइक सवार को सिविल अस्पताल में उपचार दिया गया। नादन टोला निवासी पुष्पराज सिंह (54) बाइक से बाजार जा रहे थे। नादन टोला ब्रिज के पास अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में उनके पैर में गंभीर फ्रैक्चर हो गया।

राहगीरों की सूचना पर डायल-112 टीम मौके पर पहुंची और घायल को सिविल अस्पताल अमरपाटन ले गई। यहां घायल के पैर पर कार्टन से गत्ता काटकर लगाया गया और पट्टी बांधी गई। इसके बाद गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें सतना जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। घायल को सतना जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका उपचार जारी है। घटना के बाद अमरपाटन के सरकारी अस्पताल में घायल को दिए गए प्राथमिक उपचार को लेकर स्वास्थ्य सेवाओं पर सवाल उठ रहे हैं।

ट्रैक्टर ने बाइक सवारों को मारी टक्कर, युवक की मौत

दमोह। दमोह के हिंडोरिया थाना क्षेत्र के आनू गांव के पास बुधवार रात ट्रैक्टर ने बाइक सवार तीन लोगों को टक्कर मार दी। हादसे में चोपरा निवासी अजय पटेल (21) की मौके पर मौत हो गई, जबकि दो लोग घायल हो गए। घायलों को स्थानीय लोगों ने ऑटो की मदद से जिला अस्पताल पहुंचाया। युवक की मौत की जानकारी मिलने के बाद परिजन और ग्रामीण मौके पर पहुंचे और सड़क पर जाम लगा दिया। करीब एक घंटे तक प्रदर्शन चला। सूचना पर हिंडोरिया थाना प्रभारी धर्मेंद्र गुर्जर और एसडीएम सौरव गंधर्व मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया, जिसके बाद जाम समाप्त हुआ।

फर्स्ट ईयर की छात्रा ने फांसी लगाई, मौत

शिवपुरी। शिवपुरी जिले के कोलारस थाना क्षेत्र में कॉलेज छात्रा द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या किए जाने का मामला सामने आया है। छात्रा शिवपुरी के कॉलेज में फर्स्ट ईयर की पढ़ाई कर रही थी। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक मंगलसिंह जाटव ने पुलिस को बताया कि उनकी बेटी रचना जाटव रोजाना की तरह बुधवार सुबह करीब 9 से 10 बजे पढ़ाई के लिए शिवपुरी गई थी। वह शाम करीब 4 बजे वापस घर लौटी और खाना खाने के बाद अपने कमरे में चली गई। कुछ देर बाद मंगलसिंह और उनकी पत्नी जानकी ने कमरे का दरवाजा खोला तो रचना पंखे से दुपट्टे के सहारे फांसी के फंदे पर लटकी मिली।

चक्रवात और ट्रफ के सक्रिय होने से बदले हालात, 10 अक्टूबर से साफ होगा मौसम

पूर्वी एमपी के 12 जिलों में आज आंधी-बारिश का अलर्ट

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

चक्रवात (साइक्लोनिक सकुर्लेशन) और ट्रफ के सक्रिय होने से मध्य प्रदेश के पूर्वी हिस्से में आंधी-बारिश का दौर चल रहा है। 24 घंटे में 10 से ज्यादा जिलों में पानी बरसा, जबकि गुरुवार को जबलपुर, रीवा, शहडोल संभाग के 12 जिलों में अलर्ट है।

मौसम केंद्र भोपाल के मुताबिक, सतना, रीवा, मऊगंज, सीधी, सिंगरौली, मैहर, शहडोल, उमरिया, अनूपपुर, डिंडौरी, मंडला और बालाघाट में आंधी और बारिश का अनुमान है। मौसम विभाग के अनुसार, 9 अक्टूबर को भी प्रदेश के पन्ना, सतना, रीवा, मऊगंज, सीधी, सिंगरौली, मैहर, शहडोल और अनूपपुर जिलों में बारिश होगी। इसके बाद सिस्टम कमजोर होगा। मौसम विशेषज्ञ शैलेंद्र कुमार नायक ने बताया कि मौसम केंद्र के 7 दिवसीय पूवार्नुमान का सबसे महत्वपूर्ण संदेश यह है कि 10 अक्टूबर से पूर्वी मध्य प्रदेश में भी ड्राय श्रेणी शुरू हो जाएगी, यानी 10 से 12 अक्टूबर के दौरान पूर्वी और पश्चिमी दोनों हिस्सों में मौसम साफ रहेगा। बदलते मौसम का



सबसे प्रत्यक्ष प्रभाव कृषि पर पड़ेगा। पूर्वी हिस्से में 9 अक्टूबर के दौरान होने वाली स्थानीय बारिश मिट्टी की ऊपरी परत में नमी बढ़ा सकती है, लेकिन इसे पूरे प्रदेश में समान रूप से नमी उपलब्ध कराने वाली बारिश नहीं माना जा सकता। विशेष रूप से पश्चिमी हिस्से में लगातार शुष्क मौसम के पूवार्नुमान को देखते हुए रबी की तैयारी करते समय किसानों के लिए स्थानीय मिट्टी की नमी, उपलब्ध सिंचाई, पिछले दिनों हुई वास्तविक बारिश और खेत की स्थिति अधिक महत्वपूर्ण होगी।

प्रदेश से लौटा चुका है मानसून

प्रदेश से 3 अक्टूबर को ही मानसून लौट चुका है, लेकिन सिस्टम एक्टिव होने से बारिश का दौर फिर से शुरू हुआ। मौसम विशेषज्ञ नायक ने बताया, 10 साल के आंकड़ों पर नजर दौड़ाएं तो अक्टूबर में बारिश, गर्मी और ठंड का ट्रेंड है। इस बार भी ऐसा ही हो रहा है। अक्टूबर की शुरुआत में ही मौसम साफ हो गया और धूप खिल गई। वहीं रात में ठंडक है। कई जिलों में बारिश भी हो रही है। इस बार प्रदेश में 100 दिन तक दक्षिण-पश्चिम मानसून एक्टिव रहा है।

अबकी बार सामान्य से कम हुई बारिश

दक्षिण-पश्चिम मानसून (जून से सितंबर) के दौरान प्रदेश में कुल 908.4 मिमी, यानी 35.8 इंच (95.9 प्रतिशत) बारिश हुई। यह सामान्य बारिश 37.3 इंच (949.5 मिमी) की तुलना में 1.5 इंच कम है। वहीं ओवरऑल 4 प्रतिशत कम पानी गिरा। पूर्वी हिस्से में 4 प्रतिशत ज्यादा और पश्चिमी हिस्से में औसत से 12 प्रतिशत बारिश कम हुई है।

प्रदेश के पूर्वी हिस्से- जबलपुर, रीवा, सागर और शहडोल संभाग में आंकड़ा चार प्रतिशत ज्यादा है। अधिकांश जिलों में कोटे से ज्यादा पानी गिर चुका है, लेकिन बालाघाट, छिंदवाड़ा, दमोह, जबलपुर, नरसिंहपुर, पांढुर्णा, रीवा, सागर, सिवनी में 5 प्रतिशत से 21 प्रतिशत% तक कम बारिश हुई है। पश्चिमी हिस्से के आलीराजपुर, अशोकनगर, बड़वानी, बैतूल, देवास, धार, हरदा, इंदौर, झाबुआ, खंडवा, मंदसौर, मुरैना, नर्मदापुरम, नीमच, रायसेन, रतलाम, सीहोर, शाजापुर, उज्जैन और विदिशा में औसत से 9 प्रतिशत से 51 प्रतिशत कम पानी गिरा है।

हरदा में 5 युवकों से मारपीट, 2 को चाकू लगा, दोनों को जिला अस्पताल रेफर किया



ब्रह्मास्त्र ▸▸ हरदा

हरदा में बुधवार-गुरुवार की दरमियानी रात मिडिल स्कूल के पास मामूली बात पर दो पक्षों में विवाद हो गया। अज्ञात युवकों ने पांच लोगों पर हमला किया, जिसमें दो को चाकू लगा। गंभीर रूप से घायल दोनों युवकों को जिला अस्पताल से रेफर किया गया है।

जानकारी के अनुसार, सिंधी कॉलोनी के कुछ युवक सिद्धवीर हनुमान मंदिर के पास दुर्गा पंडाल में टेंट लगाने वाले से बात कर रहे थे। तभी कार में सवार कुछ युवक वहां से निकले। कार निकालने की बात पर विवाद शुरू हुआ, जो सड़क पर रखे बैरिकेड हटाने को लेकर बढ़ गया। हमलावरों ने कार से उतरकर मारपीट की। इस दौरान पलाश लोकवाणी और निखिल असरानी पर चाकू से हमला किया गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मारपीट करने वाले दो युवकों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।वही अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।

खंडवा में अचानक धू-धू कर जल उठी बाइक

मीटिंग के लिए निकल रहे थे टीआई और आरक्षक, दोनों ने कूदकर बचाई जान

ब्रह्मास्त्र ▸▸ खंडवा

खंडवा कोतवाली थाना परिसर में गुरुवार को उस समय हड़कंप मच गया, जब थाना प्रभारी प्रवीण आर्य और एक आरक्षक मीटिंग के लिए निकल रहे थे। दोनों जैसे ही टीवीएस अपाचे बाइक पर सवार होकर रवाना होने लगे, बाइक में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते बाइक से तेज लपटें उठने लगीं। आग की स्थिति देखकर टीआई और आरक्षक ने तत्काल बाइक से खुद को अलग कर लिया। इससे दोनों बाल-बाल बच गए। घटना के दौरान थाना परिसर में मौजूद पुलिसकर्मियों को जब बाइक में आग लगने की जानकारी हुई तो अफरा-तफरी मच गई। पुलिसकर्मियों ने तत्काल आग पर काबू पाने का प्रयास शुरू किया। आग इतनी तेजी से फैली कि कुछ ही देर में पूरी बाइक लपटों में घिर गई और देखते ही देखते जलकर खाक हो गई। बाइक में लगी आग इतनी तेज थी कि पुलिसकर्मियों के प्रयास के बावजूद कुछ ही देर में पूरी बाइक जल गई। आग की लपटें उठने के कारण कुछ समय के लिए थाना परिसर में हड़कंप की स्थिति बनी



बाइक स्टार्ट कर मीटिंग के लिए निकल रहे थे

जानकारी के मुताबिक, कोतवाली थाना प्रभारी प्रवीण आर्य एक आरक्षक के साथ मीटिंग में जाने के लिए थाना परिसर से निकल रहे थे। दोनों बाइक लेकर आगे बढ़े ही थे कि अचानक बाइक में आग भड़क उठी। शुरूआत में बाइक से धुआं और फिर आग की लपटें निकलती देख टीआई और आरक्षक तुरंत बाइक से उतर गए। दोनों के बाइक से अलग होते ही आग ने तेजी से विकराल रूप ले लिया। कुछ ही क्षणों में बाइक का अधिकांश हिस्सा आग की चपेट में आ गया। थाना परिसर में खड़ी बाइक को धू-धू कर जलते देखकर वहां मौजूद पुलिसकर्मी और आसपास के लोग भी मौके पर पहुंच गए।

एक्स गर्लफ्रेंड पर गोली चलाने से पहले डॉक्टर ने देखी दृश्यम-3

घर लौटकर मां से की बात, फिर श्वेता के फ्लैट पहुंचा... फायरिंग कर दी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल

भोपाल में एक्स गर्लफ्रेंड डॉक्टर श्वेता ठाकुर पर फायरिंग करने वाले पीजी डॉक्टर नवीन रोहिला की वारदात से पहले की गतिविधियां सामने आई हैं। पुलिस जांच के मुताबिक, घटना से कुछ घंटे पहले नवीन दोस्तों के साथ ह्यदृश्यम-3ह्ल फिल्म देखने गया था। रात करीब 9:30 बजे घर लौटने के बाद उसने मां से वीडियो कॉल पर बात की। इससे पहले वह अपनी भतीजी के लिए टॉय कार राजगढ़ कूरियर कर चुका था।

परिवार से बातचीत के कुछ देर बाद नवीन श्वेता के फ्लैट पर पहुंचा। यहां दोनों के बीच विवाद हुआ और उसने श्वेता पर तीन राउंड फायर कर दिए। गोली श्वेता की कनपटी को छूकर निकल गई। बीच-बचाव के दौरान उसके कजिन अभिषेक ठाकुर को भी गोली लगी।

फायरिंग के बाद नवीन ने फांसी लगाकर आत्महत्या की कोशिश की। वह भी घायल हुआ है। उसके सीने, हाथ और पेट पर छर्रे लगने जैसे घाव मिले हैं। अस्पताल में उसका सीटी स्कैन कराया जा रहा है। नवीन मूल रूप से राजगढ़ का रहने वाला है और करीब सात साल से भोपाल में रहकर आरकेडीएफ मेडिकल कॉलेज से पढ़ाई कर रहा था। इसी दौरान उसकी मुलाकात श्वेता से हुई थी। दोनों करीब सात साल से रिलेशनशिप में थे।

मैहर में मंच पर डिजिटल भाषण चलता रहा, नीचे सांसद जी लेते रहे झपकी

मुरैना में पीएम मोदी और नितिन नवीन का चल रहा था संबोधन, पास ही कुर्सी पर सो गए शिवमंगल सिंह तोमर

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मुरैना

मुरैना की गल्ला मंडी में गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर सेवा संकल्प अभियान के तहत भाजपा का सेवा ज्योति कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के बाद जिले की सभी विधानसभा क्षेत्रों के लिए सेवा ज्योति यात्राएं रवाना की गईं।

कार्यक्रम में पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर, कैबिनेट मंत्री एदल सिंह कंसाना, मुरैना-श्योपुर सांसद शिवमंगल सिंह तोमर, सबलगढ़ विधायक सरला रावत, जिला पंचायत अध्यक्ष आरती गुर्जर, महापौर शारदा सोलंकी समेत भाजपा नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन का डिजिटल संबोधन प्रसारित किया गया। इसी दौरान भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष का भाषण चल रहा था। मंच पर बैठे सांसद शिवमंगल सिंह तोमर कुछ देर के लिए कुर्सी पर झपकी लेते नजर आए।

कार्यक्रम में मौजूद अन्य नेता और कार्यकर्ता डिजिटल संबोधन सुन रहे थे। इसी दौरान किसी कार्यकर्ता ने सांसद का वीडियो मोबाइल में रिकॉर्ड कर लिया। बताया जा रहा है कि यह वीडियो गुरुवार देर रात सामने आया, जिसके बाद सोशल मीडिया पर इसकी चर्चा होने लगी।

सभी विधानसभा क्षेत्रों के लिए रवाना हुईं सेवा ज्योति यात्राएं

सेवा ज्योति अभियान के तहत मुरैना जिला मुख्यालय से जिले की सभी विधानसभा क्षेत्रों के लिए यात्राएं रवाना की गईं। भाजपा नेताओं के मुताबिक, यात्रा के दौरान कार्यकर्ता केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं, उपलब्धियों और जनकल्याणकारी कार्यों की जानकारी आमजन तक पहुंचाएंगे।

देवास में 2000 पटवारियों का 8.5 घंटे प्रदर्शन



ब्रह्मास्त्र ▸▸ देवास

देवास में बुधवार को 2000 पटवारियों ने 8.5 घंटे प्रदर्शन किया। यह सेवा समाप्ति, निलंबन व अन्य कार्रवाई के विरोध में था। बुधवार को दोपहर से रात 10.30 बजे तक कलेक्टर कार्यालय में प्रदर्शन चला। पटवारी नारेबाजी करते हुए परिसर में डटे रहे। कलेक्टर के नहीं पहुंचने पर गेट पर धरना दिया गया, भजन-कीर्तन व हनुमान चालीसा का पाठ भी हुआ। रात 10.30 बजे प्रदर्शन खत्म हुआ। रैली स्वस्तिक गार्डन से कलेक्टर कार्यालय पहुंची। मुख्य विरोध देवास के तीन परिवीक्षाधीन पटवारियों को नौकरी से निकालने व अन्य जिलों में हुई कार्रवाई को लेकर है। संघ अध्यक्ष मोहन राठौर ने बताया, जिले के 350 से अधिक पटवारी 9 अक्टूबर तक सामूहिक छुट्टी पर रहेंगे। इससे नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन समेत राजस्व काम ठप होंगे।



व्योम-नीरा 439 हेक्टेयर के बाड़े में छोड, बाघ-तेंदुए, भेड़ियों के बीच रहेंगे

ब्रह्मास्त्र ▸▸ सागर

मध्यप्रदेश में कूनो और गांधीसागर के बाद नौरादेही यानी वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व चीतों का तीसरा घर बन गया है। बुधवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कूनो से लाए नर चीते ह्यव्योमह्ल और मादा ह्यनीराह्ल को सीधे 439 हेक्टेयर के सॉफ्ट रिलीज बाड़े में छोड़ा। देश में अब कुल 60 चीते हैं। इनमें 4 गांधीसागर और 2 नौरादेही में हैं, बाकी कूनो में हैं।

नौरादेही की सबसे बड़ी खासियत यह है कि यहां करीब 30 बाघों के साथ बड़ी संख्या में तेंदुए और भेड़िए भी हैं। यह मप्र का सबसे बड़ा और देश का इकलौता टाइगर रिजर्व है, जहां चीतों को इनके बीच बसाया जा रहा है। वन्यजीव विशेषज्ञों के मुताबिक करीब 100-150 साल पहले बाघ, तेंदुए, भेड़िए और चीते एक ही लैंडस्केप में रहते थे। अब नौरादेही में वैसी स्थिति बनाने की कोशिश है। चीतों की सुरक्षा, स्वास्थ्य और गतिविधियों की निगरानी के लिए विशेष इंतजाम किए गए हैं।

बागेश्वर धाम विवाद, साध्वी हर्षा बोलीं- धमकियां मिल रहीं:कहा-

गंदे कमेंट्स आ रहे; डराने की गलती न करें, कुछ हुआ तो शंका उन्हीं पर जाएगी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल

बागेश्वर धाम विवाद के बीच मॉडल से साध्वी बनीं हर्षा रिछारिया उर्फ हर्षानंद गिरि ने नया वीडियो जारी किया है। उन्होंने दावा किया कि उन्हें गंदे कमेंट, मैसेज, ई-मेल और धमकियां मिल रही हैं। हर्षा ने कहा कि अगर उन्हें कुछ हुआ तो शंका उन लोगों पर जाएगी, जिनके श्रद्धालु उन्हें धमकी दे रहे हैं। हालांकि, उनके इस दावे की स्वतंत्र पुष्टि फिलहाल सामने नहीं आई है।

हर्षा ने कहा कि वह अपनी पहले कही बात पर कायम हैं और धमकियों से डरने वाली नहीं हैं। उन्होंने यह भी कहा- मुझे धमकी देकर डराने की गलती मत कीजिए, क्योंकि मुझे आज तक कोई डरा नहीं पाया। हर्षा ने किसी संत, व्यक्ति, आश्रम या संस्था का नाम लेकर यह नहीं कहा कि धमकी किसकी ओर से दी जा रही है।

दरअसल, हर्षा गिरि ने धीरेंद्र शास्त्री के बयान पर वीडियो बनाया था, जिसमें महिलाओं और बेटियों से अपनी जिम्मेदारी पर आश्रम आने की बात कही गई थी। हर्षा के मुताबिक, धीरेंद्र शास्त्री ने अपने ही सेवादारों को लेकर भी शंका जताई थी। महिलाओं की सुरक्षा की जिम्मेदारी लेने से इनकार किया था। हर्षा ने सवाल उठाया था कि जब आश्रम के मठाधीश को अपने ही सेवादारों पर भरोसा नहीं है तो कोई दूसरा व्यक्ति आश्रम और वहां के सेवादारों पर कैसे भरोसा करे। उन्होंने यह सवाल भी उठाया था कि परिवार और बच्चों को आश्रम भेजने पर उनकी सुरक्षा की गारंटी कौन लेगा।

हर्षा ने लोगों को सलाह दी थी कि आश्रम में ज्यादा समय न रुकें और दर्शन करने के बाद अपने घर लौट जाएं। नए वीडियो में उन्होंने कहा कि वह अपनी इस बात पर आज भी कायम हैं।

3 अक्टूबर को शास्त्री ने की थी सावधानी की अपील

दरअसल, यह विवाद महिलाओं की सुरक्षा को लेकर एक संत के बयान पर हर्षा के वीडियो से शुरू हुआ था। इसके बाद छतरपुर के गढ़ा स्थित बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने 3 अक्टूबर की रात श्रद्धालुओं, खासकर माताओं और बहनों से सावधान रहने की अपील की थी।

उन्होंने कहा था कि महिलाएं अकेले बागेश्वर धाम न आएं। अगर अकेले आती हैं तो किसी अनजान व्यक्ति या धाम के सेवादार पर आंख मूंदकर भरोसा न करें। शास्त्री ने यह भी कहा था कि बागेश्वर धाम के आसपास करीब 5 किलोमीटर के पूरे क्षेत्र की सुरक्षा की जिम्मेदारी उनकी नहीं है। हालांकि, हर्षा ने अपने बयानों में धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री या बागेश्वर धाम का नाम नहीं लिया है।

कुंभ का जिक्र कर बोलीं- मैं डरने वाली नहीं


हर्षा ने कहा- उन्हें कुंभ के दौरान भी धमकियां मिली थीं। उनका कहना है कि अगर वह उस समय डर गई होतीं तो वहां से भाग गई होतीं। उन्होंने इसी संदर्भ में कहा कि उन्हें धमकी देकर डराने की कोशिश न की जाए। मुझे धमकी देकर डराने की गलती मत कीजिए, क्योंकि मुझे आज तक कोई डरा नहीं पाया। हर्षा ने यह भी कहा कि वह किसी के खिलाफ अपशब्द नहीं बोल रही हैं। उन्हें जो बात सही या गलत लगती है, उस पर अपनी राय रखने का अधिकार है। अपनी बात रखने के लिए उन्हें किसी की अनुमति की जरूरत नहीं है।



धमकी देने वालों का नाम नहीं बताया

हर्षा ने अपने नए वीडियो में यह नहीं बताया कि उन्हें धमकी देने वाले लोग कौन हैं। उन्होंने किसी व्यक्ति, संत, आश्रम या संस्था का नाम नहीं लिया। उन्होंने केवल इतना कहा कि जिनके श्रद्धालु उन्हें धमकी दे रहे हैं, अगर उन्हें कुछ हुआ तो शंका उन्हीं पर जाएगी। फिलहाल यह भी सामने नहीं आया है कि इन धमकियों को लेकर कोई स्वतंत्र पुष्टि हुई है। इसलिए हर्षा की ओर से कही गई बातों को उनके दावे के तौर पर ही रिपोर्ट किया जा रहा है।

कियारा-सिद्धार्थ दूसरी बार पेरेंट्स बनेंगे, सोशल मीडिया पर दी जानकारी



कियारा आडवाणी और सिद्धार्थ मल्होत्रा दूसरी बार माता-पिता बनने वाले हैं। दोनों ने बुधवार को सोशल मीडिया पर यह जानकारी दी। पोस्ट में कियारा और सिद्धार्थ ने लिखा, एक बार फिर हमें जिंदगी का सबसे बड़ा तोहफा मिलने वाला है। हमारे दिल प्यार और आभार से भर गए हैं।

कियारा आडवाणी और सिद्धार्थ मल्होत्रा की शादी 7 फरवरी 2023 को हुई थी। दोनों ने राजस्थान के जैसलमेर स्थित सूर्यगढ़ पैलेस में परिवार और करीबी दोस्तों की मौजूदगी में शादी की थी।

दोनों की प्रेम कहानी फिल्म शेरशाह के दौरान चर्चा में आई थी। फिल्म में दोनों ने साथ काम किया था। फिल्म की शूटिंग के दौरान उनकी नजदीकियां बढ़ी थीं। शादी के करीब दो साल बाद कियारा और सिद्धार्थ पहली बार माता-पिता बने थे। जुलाई 2025 में दोनों ने सोशल मीडिया पर बेटी के जन्म की जानकारी दी थी। कपल ने बताया था कि उनके घर बेटी आई है। बाद में नवंबर 2025 में दोनों ने अपनी बेटी का नाम भी बताया था। उन्होंने बेटी का नाम सरायाह मल्होत्रा रखा। नाम की घोषणा करते हुए दोनों ने बेटी को अपना आशीर्वाद और राजकुमारी बताया था। हाल ही में सिद्धार्थ मल्होत्रा ने पिता बनने के अनुभव के बारे में भी बात की थी। टीवी शो बिग बॉस 20 में पहुंचे सिद्धार्थ से सलमान खान ने उनकी शादीशुदा जिंदगी और पिता बनने को लेकर सवाल किया था।

अमिताभ बच्चन बोले- हमसे बड़ी गुस्ताखी हो गई थी

एक्ट्रेस माधुरी दीक्षित जल्द ही अमिताभ बच्चन के शो कौन बनेगा करोड़पति 18 के एक एपिसोड में नजर आएंगी। यह एपिसोड 9 अक्टूबर को रात 9 बजे सोनी टीवी पर प्रसारित होगा।

एपिसोड से पहले सोनी टीवी ने दो प्रोमो शेयर किए हैं, जिनमें अमिताभ और माधुरी के बीच मजेदार बातचीत देखने को मिली।

पहले प्रोमो में अमिताभ बच्चन ने माधुरी से फिल्म तेजाब के गाने एक दो तीन के स्टेप को रीक्रिएट करने को लेकर कहा, एक बार हमसे बड़ी गुस्ताखी हो गई थी। एक फिल्म थी, उसमें हमने ऐसे एक दो तीन किया था।

इसके बाद माधुरी ने मजाकिया अंदाज में कहा, हम भी दिखा दें? जिसके बाद स्क्रीन पर अमिताभ की 1989 की फिल्म 'तूफान' का एक सीन चलाया गया, जिसमें अमिताभ बच्चन गाने 'एक दो तीन' पर डांस करते नजर आए। वीडियो को देखते ही अमिताभ बच्चन शरमा गए और बोले कि कहां से कहां ये लोग निकाल ले रहे हैं?

अंत में अमिताभ बच्चन ने अपने डांस को लेकर कहा कि एक अच्छे गाने को किस तरह खराब किया जाए, देखा आपने अभी।

दूसरे प्रोमो में माधुरी ने फिल्म देवदास की चंद्रमुखी का अंदाज दिखाया। गाना काहे छेड़ मोहे शुरू होते ही उन्होंने हॉट सीट पर बैठे-बैठे डांस किया। उनकी परफॉर्मेंस देखकर अमिताभ ने कहा, क्या बात है। इनक्रेडिबल, इनक्रेडिबल, माधुरी जी।



आयुष्मान ने अमिताभ से माफी मांगी




वहीं, इससे पहले सारा अली खान और आयुष्मान खुराना कौन बनेगा करोड़पति 18 में मेहमान बनकर पहुंचे थे। दोनों अपनी आने वाली फिल्म उड़ता तीर के प्रमोशन के लिए शो में आए थे। एपिसोड में अमिताभ बच्चन और आयुष्मान ने गुलाबो सिताबो से जुड़ी यादें भी शेयर कीं।

आयुष्मान ने फिल्म में अमिताभ के किरदार को बुढ़ऊ कहने पर उनसे माफी मांगी। आयुष्मान ने कहा, मैंने फिल्म में आपको बुढ़ऊ कहा, इसके लिए माफी मांगता हूं। आप बुढ़ऊ नहीं हैं। असल जिंदगी में आपमें 84 साल की कोई हरकत नहीं है। आप 28 के हैं। अमिताभ बच्चन ने इस बात पर मजाकिया अंदाज में जवाब दिया। उन्होंने पूछा, 84 साल की कौन-सी हरकतें होती हैं?

हाल ही में शो में अमिताभ बच्चन ने अपने शुरूआती करियर के संघर्ष के दिनों को याद किया। उन्होंने बताया कि फिल्मों में काम पाने के दौरान प्रोड्यूसर्स उनकी लंबी हाइट और छोटे चेहरे को लेकर चिंता जताते थे। एक कंटेस्टेंट विनम्र ने अमिताभ के 1970 के दशक के सिग्नेचर हेयरस्टाइल और लंबे साइडबर्न्स का जिक्र किया। इस पर अमिताभ ने बताया कि उस समय उनके हेयरस्टाइल के पीछे एक खास वजह थी।

'रामायण' फिल्म के मेकर पर इनकम टैक्स रेड की खबर



फिल्म 'रामायण' के निमार्ता नमित मल्होत्रा की कंपनी 'प्राइम फोकस लिमिटेड' के मुंबई स्थित दफ्तरों पर छापेमारी की खबर है। रिपोर्ट के मुताबिक आयकर विभाग ने यह कार्रवाई विदेशी लेन-देन (फॉरेन रेमिटेंस) में हुई गड़बड़ियों के सिलसिले में की है। नितेश तिवारी के निर्देशन में बन रही बड़ी बजट की फिल्म रामायण की रिलीज से कुछ हफ्ते पहले यह कार्रवाई सामने आई है। आयकर विभाग की यह सर्च कार्रवाई विदेशों में पैसे भेजने से जुड़ी वित्तीय अनियमितताओं को लेकर की गई है। हालांकि, किस तरह के लेन-देन की जांच की जा रही है और इस कार्रवाई का दायरा कितना बड़ा है, इसे लेकर अब तक कोई आधिकारिक जानकारी या खुलासा नहीं किया गया है।

7 अक्टूबर की सुबह जैसे ही इस रेड की खबर फैली, शेयर बाजार में प्राइम फोकस के शेयरों में तुरंत 8 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई।

हाल ही में सेट पर लगी थी मामूली आग

आयकर विभाग की यह कार्रवाई मुंबई स्थित प्राइम फोकस स्टूडियोज में 'रामायण' के सेट के पास हुई आगजनी की घटना के कुछ दिनों बाद हुई है। उस समय स्टूडियो के पास मामूली आग लग गई थी। हालांकि, इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ था और स्थिति पर काबू पाने के तुरंत बाद शूटिंग का काम दोबारा शुरू कर दिया गया था। फिल्म में रणबीर कपूर भगवान राम का रोल निभा रहे हैं।


एक्ट्रेस जीनत अमान ने जयपुर में खरीदी सिल्वर ज्वेलरी-साड़ी



जयपुर में वेब सीरीज द रॉयल्स की शूटिंग चल रही है। वेब सीरीज के पहले फेज में शूटिंग करने आईं अभिनेत्री जीनत अमान ने शहर में बिताए एक दिन की अलग-अलग फोटोज सोशल मीडिया पर शेयर की। उन्होंने परकोटा क्षेत्र की गलियों में घूमने से लेकर जौहरी बाजार में चांदी की ज्वेलरी सहित साड़ियों की खरीदारी और रामबाग पैलेस में हाई टी का आनंद लिया।

जीनत अमान ने इंस्टाग्राम पर अपनी पोस्ट में लिखा- छुट्टी का दिन मिला तो मैंने वही किया, जिसके लिए जयपुर खास तौर पर जाना जाता है। मैंने पुराने शहर की बेहद बिजी और गलियों में चांदी और साड़ियों की खरीदारी की। उन्होंने लिखा कि जयपुर ने मेरे इस ऑफ डे को यादगार बना दिया। वहीं जीनत अमान ने रामबाग पैलेस में हस्तरेखा विशेषज्ञ को हाथों की रेखाएं दिखाईं। जीनत अमान ने जौहरी बाजार को अपनी तरह का अलग अनुभव बताते हुए लिखा- यहां की गलियां संकड़ी और भीड़भाड़ वाली हैं। दुकानों के बाहर सजा सामान, अलग-अलग तरह की खुशबू, रंग-बिरंगी चीजें और दुकानदारों की आवाजाही बाजार को जीवंत बनाए रखती है। जीनत ने बताया- बाजार में दुकानदार एक के बाद एक सामान दिखाते रहते हैं और ग्राहक के लिए सही चीज तलाशने का सिलसिला चलता रहता है। पुराने शहर में शॉपिंग के बाद जीनत अमान रामबाग पैलेस पहुंचीं। उन्होंने जौहरी बाजार की भीड़ और रामबाग पैलेस की शाही शांति के बीच के फर्क को महसूस किया। जीनत ने रामबाग पैलेस के माहौल का जिक्र करते हुए वहां की वास्तुकला, फव्वारों, बगीचों, मोर को बयां किया। यहां उन्होंने हाई टी का आनंद लिया। इस दौरान एक हस्तरेखा विशेषज्ञ (ज्योतिषी) को उन्होंने हाथ दिखाया। जीनत ने मजाकिया अंदाज में लिखा कि हस्तरेखा विशेषज्ञ ने मेरी जिंदगी के हालात को लेकर मुझे अपनी बातों से खुश कर दिया। जीनत अमान ने लिखा- अब मुझे किसी जगह घूमते हुए केवल तय सूची के मुताबिक सभी जगहों को देखने या घूमने की जल्दी नहीं रहती। इसके बजाय मैं किसी बाजार में यूं ही घूमना, किसी अपने के लिए खूबसूरत चीज खरीदना, धूप में बैठना, किसी पुरानी इमारत को निहारना या कुछ स्वादिष्ट खाना ज्यादा पसंद करती हूं।

जासूस बनिए....अंतर ढूंढो...




रंग भरकर चित्र बनाओ

जोक्स

टीचरः कौन सी जाति के लोग अच्छे नागरिक होते हैं ?
छात्रः बनिए !
टीचरः वो कैसे ?
छात्रः क्योंकि सर हर जगह लिखा होता है देश के अच्छे नागरिक बनिए।

मास्टर जीः सबसे ज्यादा नशा किसमें होता है?
छात्रः किताब में
मास्टर जीः कैसे?
छात्रः क्योंकि किताब खोलते ही नींद आ जाती है ??

वर्ग पहेली





बाएं से दाएं

1. परिचय, जानना-2,4
5. वायु रोग-2
7. उत्साह, जिज्ञासा
9. कांटा, शूल
10. पिता, साधू -2
11. योद्धा जाति, राजपूत-3
14. थकान-4
16. मिसाल के तौर पर-4
20. ध्वजा, पताका-3
22. सीमा, बार्डर-2
23. बुरी आदत-2
24. समस्या. मुद्दा-3
27. जोर, दम, ताकत-2
28. दिखावटीपन, आडंबर-3,3

ऊपर से नीचे

1. सीतापति, रामचंद्र-5
2. लम्हा, क्षण-2
3. धोखेबाज, दगाबाज-4
4. नलका, टोंटी-2
6. पुत्र, लड़का-3
8. कमरा, रुम-2
12. तीनों काल-3
13. पार्थिव शरीर, लाश-2
15. कजरा, अंजन-3
17. सच्चाई, सच-2
18. सेंधमार-5
19. पुचकारना, हाथ फेरना-4
20. धोखा, दगा-3
21. जरा, थोड़ा-2
25. सभी, संपूर्ण-2
26. राजेश खन्ना व मुमताज की बेहतरीन फिल्म-2

माथा पच्ची

95		50		75		20	=	90
	■		■		■		■	
65		17		20		1	=	62
	■		■		■		■	
5		20		75		10	=	35
	■		■		■		■	
40		10		10		2	=	42
=	■	=	■	=	■	=	■	=
65		23		10		15	=	75 / 77

संकेत

खाली जगहों में आपको केवल (+), (-), (×) व (÷) के निशान लगाने हैं, जिनका उत्तर (=) पूर्णतः मेल खाता हो.

शब्दों का जाल

खु	श	मु	म	स्ती	त	से	प	व	र	द				
में	छि	ल	ना	द	म	जा	अं	दा	ज	क				
य	के	दो	है	वि	इ	ना	न	व	ष्टि	रू				
इं	ट	स्ती	न	शा	या	श्ता	क	ले	ज	खी				
प	दा	सा	भ	ने	तो	से	न	गो	आ	त				
व	जि	त	प	ग	स	ए	व	सं	वों	व				
द	प	न्दा	न	जी	म	ह	अ	गो	प्पा	द				
क	र	क	प	ल्ल	प	भा	र	चो	आ	ख				
र	व	त	म	त	भी	त	ग	अ	न	अ				
क	र	ल	प	र	ज	ता	रे	र	ह	द				
मुं	ब	ई	से	आ	या	मे	रा	दो	स्त	न				

शब्दजाल में लारा दत्ता की 10 फिल्मों के नाम ढूंढिए. शब्द ऊपर से नीचे, दाएं से बाएं एवं तिरछे हो सकते हैं.

भागमभाग, जुर्म, मस्ती, अंदाज, दोस्ती, आन, इन्सान, खाकी, मुंबई से आया मेरा दोस्त, जिन्दा.

अष्टयोग

4			6	1		7
	31	7	31		28	
	2			3		4
	34	6	31		33	
6		4		2		1
5	31		32	7	38	
	3	2		5		6

प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है. खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक लिखना अनिवार्य है. गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों ओर के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी. सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.


माथा पच्ची का हल

24	x	4	+	2	-	8	=	40
+	■	x	■	x	■	+	■	+
25	-	10	+	25	+	8	=	48
-	■	+	■	-	■	+	■	-
25	+	5	+	2	x	3	=	45
-	■	+	■	-	■	-	■	-
3	x	10	-	25	x	3	=	15
=	■	=	■	=	■	=	■	=
21	-	18	+	23	-	16	=	75 / 77

अष्टयोग का हल

7	5	6	3	4	2	1
5	42	7	33	1	23	3
1	6	5	4	3	7	2
2	25	3	34	7	39	6
3	1	4	6	2	5	7
6	24	1	33	5	35	4
4	3	2	7	6	1	5

शब्दजाल का हल



सूडोकू नवताल

मध्यम

8	2			6			1	
	6		8	9			7	5
3			1					2
	3		4				6	
6		2		1		4		3
	8				5		2	
2					3			1
5	1			7	6		4	
	9			4			3	6

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकू नवताल का हल

8	6	4	2	7	9	5	3	1
7	3	9	1	8	5	2	6	4
1	5	2	4	3	6	7	9	8
4	1	3	8	6	7	9	5	2
5	8	6	9	2	4	3	1	7
2	9	7	5	1	3	8	4	6
9	4	8	7	5	1	6	2	3
3	7	5	6	4	2	1	8	9
6	2	1	3	9	8	4	7	5

ट्रम्प ने फिर मांगा नोबेल शांति पुरस्कार



ब्रह्मास्त्र ▸▸ वॉशिंगटन

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने एक बार फिर नोबेल शांति पुरस्कार पर अपना दावा जताया है। उन्होंने कहा कि उन्होंने 8 युद्ध खत्म कराए हैं। ट्रम्प ने कहा, मैं अपनी तारीफ नहीं कर रहा हूं, सिर्फ तथ्य बता रहा हूं। शायद किसी भी राष्ट्रपति ने इतने युद्ध नहीं सुलझाए हैं। शांति प्रयास जारी हैं और जल्द एक और युद्ध सुलझा सकते हैं। ट्रम्प लंबे समय से अपने कूटनीतिक प्रयासों के लिए इस पुरस्कार के हकदार होने का दावा करते रहे हैं। बुधवार को व्हाइट हाउस लौटने के बाद उन्होंने पत्रकारों से यह बात कही। पुरस्कार की घोषणा 9 अक्टूबर को नॉर्वे की नोबेल समिति करेगी। इससे पहले जून 2025 में भी ट्रम्प ने इस पुरस्कार पर अपना दावा जताया था। उन्होंने कहा था कि उन्हें यह पुरस्कार 4 या 5 बार मिल जाना चाहिए था।

ट्रम्प ने 3 बार इस पुरस्कार को लेकर दावे किए

ट्रम्प के नोबेल शांति पुरस्कार को लेकर दावे उनके दूसरे कार्यकाल से पहले के हैं। पहले कार्यकाल में उन्होंने उत्तर कोरिया के साथ अपने कूटनीतिक प्रयासों का कई बार जिक्र किया था।

2018 में नॉर्वे के दो सांसदों ने उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन के साथ ट्रम्प की बैठक के बाद उन्हें इस पुरस्कार के लिए नामित करने की बात कही थी।

एक साल बाद ट्रम्प ने कहा था कि जापान के तत्कालीन पीएम शिंजो आबे ने उत्तर कोरिया के साथ तनाव कम करने के उनके प्रयासों के लिए उन्हें पुरस्कार के लिए नामित किया है। हालांकि, आबे ने सार्वजनिक रूप से इस नामांकन की पुष्टि नहीं की थी।

2020 के राष्ट्रपति चुनाव के दौरान भी ट्रम्प ने नोबेल पुरस्कार को लेकर अपनी दावेदारी दोहराई थी। उन्होंने पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा से अपनी तुलना करते हुए कहा था कि उन्हें भी यह सम्मान मिलना चाहिए। ओबामा को 2009 में नोबेल शांति पुरस्कार मिला था।

फरवरी 2025 में इजराइली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू के साथ व्हाइट हाउस में मुलाकात के दौरान भी ट्रम्प ने कहा था कि उन्हें नोबेल शांति पुरस्कार नहीं मिलेगा, जबकि वह इसके हकदार हैं।

ट्रम्प ने पुरस्कार नहीं मिलने पर नाराजगी जताई थी

जनवरी 2026 में ट्रम्प की इस पुरस्कार को लेकर नाराजगी नॉर्वे के साथ विवाद तक पहुंच गई थी। ग्रीनलैंड पर नियंत्रण की कोशिश को लेकर विवाद के बीच ट्रम्प ने नॉर्वे के पीएम जोनास गार स्टोर को मैसेज भेजा था।

ट्रम्प ने शिकायत की थी कि 8 युद्ध रोकने के बावजूद नॉर्वे ने उन्हें यह पुरस्कार नहीं दिया। इसके बाद स्टोर ने कहा था कि इस पुरस्कार का फैसला नॉर्वे की सरकार नहीं करती, बल्कि स्वतंत्र नॉर्वेजियन नोबेल समिति करती है।

ट्रम्प की नोबेल दावेदारी का एक मामला वेनेजुएला की विपक्षी नेता मारिया कोरीना मचाडो से भी जुड़ा है। मचाडो को 2025 का यह पुरस्कार लोकतांत्रिक अधिकारों के लिए उनके काम के लिए दिया गया था।

कैसे होता है नोबेल पीस प्राइज के लिए नॉमिनेशन



*नोबेल पीस प्राइज **(शांति पुरस्कार)** के लिए कोई भी व्यक्ति किसी को नॉमिनेट नहीं कर सकता। इसके लिए कुछ विशेष योग्यताएं होती हैं। सिर्फ वही लोग नॉमिनेट कर सकते हैं जो नोबेल कमेटी की तरफ से अधिकृत हों।*

कौन कर सकता है नोबेल पीस प्राइज के लिए नामांकन?

- राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, सांसद आदि
- इंटरनेशनल कोर्ट के जस्टिस
- नोबेल शांति पुरस्कार के पूर्व विजेता
- यूनिवर्सिटीज के प्रोफेसर (राजनीति, कानून, इतिहास और सामाजिक विज्ञान के क्षेत्र में)
- नोबेल कमेटी के मौजूदा और पूर्व सदस्य
- कुछ विशेष संस्थानों और संगठनों के प्रमुख (जो शांति और मानवाधिकारों के लिए काम करते हैं)

नामांकन प्रक्रिया कैसे होती है?

- हर साल सितंबर में नामांकन प्रक्रिया शुरू होती है।
- नामांकन की अंतिम तिथि 31 जनवरी होती है।
- नोबेल कमेटी नामांकनों की समीक्षा करती है और अक्टूबर में विजेता की घोषणा करती है।
- पुरस्कार 10 दिसंबर (अल्फ्रेड नोबेल की पुण्यतिथि) को दिया जाता है।

अमेरिका में विदेशी छात्रों के लिए नौकरी महंगी होगी:

डोनाल्ड ट्रम्प सरकार ने 68 लाख फीस का प्रस्ताव रखा

भारत-चीन के छात्रों पर सबसे ज्यादा असर

ब्रह्मास्त्र ▸▸ वॉशिंगटन

अमेरिका में पढ़ने वाले विदेशी छात्रों के लिए पढ़ाई के बाद नौकरी करना महंगा हो सकता है। ट्रम्प सरकार ने हर नए छात्र के लिए 70 हजार डॉलर यानी करीब 68 लाख फीस लगाने का प्रस्ताव रखा है।

यह फीस ऑप्शनल प्रैक्टिकल ट्रेनिंग के लिए रखी गई है। इसके तहत विदेशी छात्रों को पढ़ाई पूरी करने के बाद अमेरिका में नौकरी करने की अनुमति मिलती है। फीस छात्र को नहीं, बल्कि उसके कॉलेज या यूनिवर्सिटी को देनी होगी। इस फैसले का सबसे ज्यादा असर भारत और चीन के छात्रों पर पड़ेगा। 2024-25 के आंकड़ों के मुताबिक, अमेरिका में भारत के करीब 3.63 लाख और चीन के करीब 2.66 लाख छात्र पढ़ रहे थे। यानी दोनों देशों के करीब 6.3 लाख छात्र अमेरिका में हैं।

इनमें से कई छात्र पढ़ाई पूरी करने के बाद OPT के जरिए अमेरिका में नौकरी करते हैं। खासकर भारतीय छात्र बड़ी संख्या में इंजीनियरिंग, टेक्नोलॉजी और दूसरे ऱळएट विषयों की पढ़ाई करते हैं।



ओपीटी यानी ऑप्शनल प्रैक्टिकल ट्रेनिंग के तहत विदेशी छात्र अपनी पढ़ाई से जुड़े काम का अनुभव ले सकते हैं। आमतौर पर पढ़ाई पूरी करने के बाद उन्हें एक साल तक नौकरी करने की अनुमति मिलती है। साइंस, टेक्नोलॉजी, इंजीनियरिंग और मैथ्स के छात्रों को दो साल और काम करने की अनुमति मिल सकती है।

प्रस्ताव के मुताबिक, किसी छात्र के ओपीटी के लिए पहली बार आवेदन करने पर उसके कॉलेज या यूनिवर्सिटी को 70 हजार डॉलर यानी करीब 68 लाख देने होंगे। अगर छात्र ओपीटी को आगे बढ़ाता है तो हर बार रिन्यू कराने पर 30 हजार डॉलर यानी करीब 29 लाख फीस देनी होगी।

यह पैसा सीधे छात्र से नहीं लिया जाएगा। लेकिन इतनी बड़ी फीस के कारण कॉलेजों और यूनिवर्सिटी पर विदेशी छात्रों को ओपीटी की सुविधा देने का खर्च काफी बढ़ जाएगा।

टेक कंपनियों को भी परेशानी हो सकती है

ओपीटी के जरिए विदेशी छात्रों को अमेरिका में काम का अनुभव मिलता है। टेक कंपनियां और दूसरी कंपनियां ऐसे छात्रों को खासकर से जुड़े कामों में नौकरी देती हैं। अमेरिकी उच्च शिक्षा संस्थानों से जुड़े संगठन NAFSA ने प्रस्ताव का विरोध किया है। संगठन का कहना है कि विदेशी छात्रों को अमेरिका से दूर करने से देश के इनोवेशन और आर्थिक विकास को नुकसान हो सकता है। अमेरिकी होमलैंड सिक्योरिटी विभाग का कहना है कि ओपीटी कार्यक्रम में धोखाधड़ी और गलत इस्तेमाल को रोकने के लिए यह कदम उठाया जा रहा है। विभाग ने आरोप लगाया कि इस कार्यक्रम का इस्तेमाल सस्ते विदेशी कर्मचारियों को अमेरिका लाने के लिए किया जा रहा है।

ट्रम्प सरकार पहले भी विदेशी छात्रों पर सख्ती कर चुकी

ट्रम्प सरकार विदेशी छात्रों को लेकर पहले भी कई सख्त कदम उठा चुकी है। पिछले साल हजारों विदेशी छात्रों का कानूनी दर्जा खत्म किया गया था। इनमें से कई छात्रों को हिरासत में लिया गया और अमेरिका से बाहर भेजा गया। इस साल सरकार ने विदेशी छात्रों के अमेरिका में रहने की अवधि को लेकर भी नया नियम बनाया था। इसके खिलाफ कॉलेजों और यूनिवर्सिटी ने विरोध किया था। सितंबर में एक संघीय अदालत ने इस नियम को लागू होने से रोक दिया था।

एक रिपोर्ट के मुताबिक भारत से आने वाले आवेदकों की संख्या में 15% कमी दर्ज की गई है। अमेरिका में सबसे ज्यादा भारत से स्टूडेंट पढ़ने जाते हैं। सख्त वीजा नियम और नीतियां: इसकी एक बड़ी वजह सख्त वीजा नियम और इमिग्रेशन नीतियां हैं। इन नियमों को लेकर छात्रों में यह डर बढ़ा है कि आगे पढ़ाई और नौकरी के लिए अमेरिका में रहना कितना आसान होगा। अमेरिकी सरकार ने छात्र और विजिटर वीजा के लिए पहले से तय रहने की अवधि की व्यवस्था में बदलाव किया है। अब कई मामलों में अमेरिका में रहने की समयसीमा चार साल तक सीमित हो सकती है। इससे लंबे समय की पढ़ाई करने वाले छात्रों के लिए परेशानी बढ़ सकती है।

ट्रम्प का पसंदीदा चैनल; बच्चों के चलते प्रेस सेक्रेटरी का पद छोड़ा था

व्हाइट-हाउस की नौकरी छोड़कर अब फॉक्स न्यूज जॉइन करेंगी लेविट

ब्रह्मास्त्र ▸▸ वॉशिंगटन

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की पूर्व प्रेस सेक्रेटरी कैरोलिना लेविट अब फॉक्स न्यूज से जुड़ने जा रही हैं। लेविट ने अगस्त में अपने दो बच्चों के साथ ज्यादा समय बिताने के लिए व्हाइट हाउस का पद छोड़ा था।

अब वह नवंबर से फॉक्स न्यूज में ऑन-एयर कंट्रीब्यूटर के तौर पर काम करेंगी। फॉक्स न्यूज को ट्रम्प का पसंदीदा चैनल माना जाता है, हालांकि हाल के दिनों में ट्रम्प ने इसकी कवरेज को लेकर नाराजगी भी जताई है। लेविट 27 साल की उम्र में अमेरिका की सबसे कम उम्र की व्हाइट हाउस प्रेस सेक्रेटरी बनी थीं। उन्होंने 12 अगस्त यह पद छोड़ने का ऐलान किया था। उस समय ट्रम्प ने उन्हें अपने सबसे भरोसेमंद सहयोगियों में से एक बताया था।

ट्रम्प ने उनके पद छोड़ने के बाद मजाक में कहा था, मुझे पता चला है कि कैरोलिना लेविट मुझे पसंद करने से ज्यादा अपने बच्चों को पसंद करती हैं। मैं इसे लेकर बहुत चिंतित हूं। लेकिन लेविट की जगह लेना आसान नहीं होगा

लेविट ने 1 मई 2026 को अपने दूसरे बच्चे को जन्म दिया था। इसके बाद वह मातृत्व अवकाश पर गई थीं और 16 जुलाई को प्रेस ब्रीफिंग में वापस लौटी थीं। उनका एक दो साल का बेटा भी है।

व्हाइट हाउस प्रेस सेक्रेटरी बनने से पहले लेविट ट्रम्प के 2024 के राष्ट्रपति चुनाव अभियान की प्रेस सेक्रेटरी थीं। इससे पहले 25 साल की उम्र में उन्होंने 2022 में अपने गृह राज्य न्यू हैम्पशायर से अमेरिकी कांग्रेस का चुनाव लड़ा था। हालांकि, इस चुनाव में उन्हें हार मिली थी।



फॉक्स न्यूज ने सोमवार को बताया कि लेविट 1 नवंबर से नेटवर्क में ऑन-एयर कंट्रीब्यूटर के तौर पर काम करेंगी। नेटवर्क की उएड सुजैन स्कॉट ने कहा कि व्हाइट हाउस और राष्ट्रपति चुनाव अभियान में लेविट के सीधे अनुभव से उन्हें आज की राजनीति को समझने में खास मदद मिलती है। लेविट ने भी कहा कि वह व्हाइट हाउस प्रेस सेक्रेटरी के अपने अनुभव से मिली सोच को फॉक्स न्यूज के करोड़ों दर्शकों तक पहुंचाने को लेकर उत्साहित हैं। उन्होंने बताया कि वह फॉक्स के अलग-अलग प्लेटफॉर्म पर काम करेंगी।

लेविट ट्रम्प की पहली प्रेस सेक्रेटरी नहीं हैं, जो फॉक्स न्यूज से जुड़ी हैं। उनकी पूर्व प्रेस सेक्रेटरी कायले मैकएनैनी 2021 में फॉक्स न्यूज से जुड़ी थीं और अब भी नेटवर्क के साथ हैं।

ममदानी की जीत से बदली यूरोप की राजनीति:

वामपंथी पार्टियों ने सस्ते घर और कम किराए को मुद्दा बनाया; जर्मनी में जीत

ब्रह्मास्त्र ▸▸ स्पेन

जोहरान ममदानी ने पिछले साल नवंबर में न्यूयॉर्क मेयर का चुनाव जीता था। उनकी जीत में महंगाई, बढ़ता किराया और रोजमर्रा का खर्च बड़े मुद्दे रहे। उनका मैसेज था कि न्यूयॉर्क को आम लोगों के लिए सस्ता बनाया जाए।

उनकी जीत का असर अब यूरोप की राजनीति में दिखने लगा है। यूरोपीय नेता ममदानी की तरह महंगे किराए, बढ़ती महंगाई और आम लोगों के खर्च पर फोकस कर रहे हैं। सबसे दिलचस्प मामला जर्मनी के बर्लिन का है। वहां महंगे घरों को मुद्दा बनाकर एलिफ एराल्प ने चुनाव जीत लिया। जर्मन मीडिया ने अब एराल्प को बर्लिन की ममदानी कह रहे हैं। वहीं, फ्रांस, स्पेन और नीदरलैंड के वामपंथी नेता भी ममदानी की राजनीति पर नजर रख रहे हैं। ऐसे में माना जा रहा है कि ममदानी ने यूरोप के वामपंथ को चुनाव लड़ने का नया तरीका दे दिया है।

अगर यूरोप में किसी एक नेता को ममदानी से सबसे सीधे तौर पर जोड़ा जा सकता है, तो वह एलिफ एराल्प हैं। 45 साल की एराल्प वकील हैं और तुर्की मूल के परिवार से आती हैं। उनके माता-पिता 1980 के तुर्की सैन्य तख्तापलट के बाद जर्मनी आए थे। एराल्प 2017 में द लिंक से जुड़ी थीं। पिछले महीने हुए चुनाव में उनकी पार्टी का सबसे बड़ा मुद्दा रहा- महंगा शहर और महंगा किराया। एराल्प ने बर्लिन में निजी कंपनियों के पास मौजूद करीब 2.2 लाख मकानों को सार्वजनिक नियंत्रण में लाने की मांग की।

इसका फायदा द लिंक को मिला। वह चुनाव में करीब 25.7% वोट मिले और वह सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी। अब सरकार बनाने के लिए उसे दूसरी पार्टियों के साथ गठबंधन करना होगा। ब्रिटेन में ममदानी से सबसे ज्यादा तुलना जैक पोलांस्की की होती है। वे ग्रीन पार्टी के नेता हैं। यह पार्टी मुख्य रूप से पर्यावरण और जलवायु के मुद्दों पर राजनीति करती रही है। लेकिन पोलांस्की ने इनका दायरा बढ़ाया है। पोलांस्की महंगाई, महंगे घर, बढ़ते किराए, रोजमर्रा के खर्च और अमीरों पर ज्यादा टैक्स जैसे मुद्दों को पर्यावरण की राजनीति से जोड़ते हैं। पोलांस्की इसे इको-पॉपुलिज्म कहते हैं। ममदानी की तरह पोलांस्की भी सोशल मीडिया को राजनीति का अहम माध्यम बना रहे हैं। पोलांस्की ने बताया कि उनकी वीडियो टीम ममदानी के वीडियो बनाने वाली टीम से टिप्स ले रही है। दिलचस्प बात यह है कि पोलांस्की इस समय लंदन की होलबॉर्न सीट से चुनाव लड़ रहे हैं। पूर्व प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर के सांसद पद से हटने के बाद 8 अक्टूबर को यहां उपचुनाव हो रहा है।

हमास हमले ने बदली देश की राजनीति; वामपंथ कमजोर

इजराइल में 20 दिन बाद वोटिंग, नेतन्याहू हार सकते हैं, अरब पार्टियां अछूत बनीं

ब्रह्मास्त्र ▸▸ तेल अवीव

7 अक्टूबर 2023 को हमास के करीब 6 हजार लड़ाकों ने इजराइल पर हमला किया। लोगों को घरों और बंकरों में मारा गया, कई लोगों को जिंदा जला दिया गया और 250 से ज्यादा लोगों को बंधक बनाकर गाजा ले जाया गया। करीब 1,200 लोग मारे गए।

इसके जवाब में इजराइल ने गाजा पर हमला शुरू कर दिया। तीन साल बाद भी 7 अक्टूबर का असर सिर्फ युद्ध तक सीमित नहीं है। इस हमले ने इजराइल की राजनीति का एजेंडा भी बदल दिया। इजराइल में 27 अक्टूबर को आम चुनाव होने हैं। पहले महंगाई, घरों की कीमत और नेतन्याहू के खिलाफ मुकदमे जैसे मुद्दे चुनावी बहस में प्रमुख थे। अब सुरक्षा, हमास, सेना और फिलिस्तीन का सवाल सबसे ऊपर है।



इसका फायदा पहले से मजबूत दक्षिणपंथी राजनीति को मिला है। हालांकि पीएम नेतन्याहू के हारनेका खतरा मंडरा रहा है। वहीं लेफ्ट कमजोर हुआ है और अरब पार्टियों के लिए सरकार बनाने में पहले जैसी किंगमेकर भूमिका निभाना मुश्किल हो गया है। हमास हमले के बाद यह देश का पहला राष्ट्रीय चुनाव है। इस चुनाव में सवाल सिर्फ यह नहीं है कि नेतन्याहू फिर प्रधानमंत्री बनेंगे या नहीं। तीन साल पहले जिस हमले ने इजराइल की राजनीति बदल दी थी, अब उसी हमले के लिए नेतन्याहू की सरकार से जवाब भी मांगा जा रहा है। हमले के समय नेतन्याहू ही प्रधानमंत्री थे और उन पर सुरक्षा चूक की जिम्मेदारी लेने का दबाव है।

उनकी मुश्किल यह है कि इस बार उन्हें पूर्व सेना प्रमुख गादी आइजेनकोट से सीधी चुनौती मिल रही है। आइजेनकोट की पार्टी कई हालिया सर्वे में नेतन्याहू की लिकुड के बराबर या उससे आगे दिखाई दे रही है। एक ताजा सर्वे में लिकुड को करीब 22-23 और आइजेनकोट की पार्टी को करीब 22 सीटें मिल रही हैं। दूसरी तरफ नेतन्याहू के साथ मौजूद दक्षिणपंथी दलों का पूरा गठबंधन भी बहुमत से पीछे है। हालिया सर्वे के औसत में उनके गठबंधन को करीब 52-55 सीटें मिल रही हैं, जबकि सरकार बनाने के लिए 61 सीटें चाहिए। गादी आइजेनकोट इजराइल की सेना के पूर्व चीफ ऑफ स्टाफ हैं। गाजा में दिसंबर में हुई लड़ाई के दौरान उनके 25 वर्षीय बेटे की मौत हो गई थी।

भारतीय नाविकों वाले जहाज पर 48 घंटे में तीसरा हमला

ब्रह्मास्त्र ▸▸ रूस

रूस के ब्लैक सी तट के पास एक तेल टैंकर पर समुद्री ड्रोन से हमला किया गया। हमले के बाद टैंकर में आग लग गई। टैंकर पर 23 लोगों का क्रू था। सभी भारतीय नागरिक थे और उन्हें सुरक्षित रेस्क्यू कर लिया गया।रूस के परिवहन मंत्रालय के मुताबिक, लाइबेरिया के झंडे वाले इस टैंकर पर हमले के बाद ब्लैक सी के पानी में कच्चा तेल जला। इससे रूस के रिसॉर्ट शहर सोची के कुछ हिस्सों में आसमान काले धुएं से ढक गया है। माना जा रहा है कि यह हमला यूक्रेन की तरफ से किया गया। बीते 48 घंटे में यह तीसरी बार है जब भारतीय नाविकों वाले जहाजों को निशाना बनाया गया है। लाइबेरिया के झंडे वाले इस जहाज का नाम एफ्रामैक्स रियो है। द कीव इंडिपेंडेंट के मुताबिक, यह यूक्रेन की प्रतिबंध सूची में शामिल था। इसे रूस के कथित शैडो फ्लीट का हिस्सा बताया गया था।

पाकिस्तान में आटे के संकट से जूझ रहे लोग:

20 किलो आटे का बैग 3300 रुपए पहुंचा, रोटी 20 से बढ़कर 30 रुपए हुई

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इस्लामाबाद

पाकिस्तान के पेशावर में आटे की कीमत तेजी से बढ़ने से लोग परेशान हैं। 20 किलो मोटे आटे का बैग 3,300 पाकिस्तानी रुपए तक पहुंच गया है। आटे की कीमत बढ़ने का असर तंदूरों पर भी पड़ा है।

20 रुपए में मिलने वाली 50 ग्राम की रोटी अब 30 रुपए में बिक रही है। कई इलाकों में एक रोटी की बिक्री भी बंद कर दी गई है और 40 रुपए में दो रोटियां दी जा रही हैं। सरकारी सब्सिडी वाला आटा बाजार से लगभग गायब हो गया है। इसके चलते दुकानों पर व्यावसायिक आटे की कीमत बढ़ गई है।

20 किलो महीन आटे का बैग 3,120 रुपए में बिक रहा है, जबकि 80 किलो मोटे आटे की कीमत 13,200 रुपए पहुंच गई है। 20 किलो चोकर का बैग भी 1,480 रुपए में मिल रहा है। आटे की कीमत बढ़ने के पीछे कुछ कारोबारियों पर जमाखोरी करने के आरोप लग रहे हैं। आरोप है कि कारोबारियों ने आटे का स्टॉक गोदामों में रोक लिया, जिससे बाजार में इसकी उपलब्धता कम हो गई और कीमतें तेजी से बढ़ीं।



आटे की अचानक बढ़ी कीमतों के बाद कानून-व्यवस्था से जुड़ी एजेंसियां बड़े कारोबारियों और आटा गोदामों पर नजर रख रही हैं। इस संकट के बीच आटा कारोबारियों के कुछ ही दिनों में करोड़ों रुपए का मुनाफा कमाने की बात भी सामने आई है।

पेशावर के खैबर बाजार, अशरफ रोड, कराची मार्केट, नमक मंडी और गवर्नमेंट कॉलेज चौक जैसे इलाकों में कई दुकानदार अब एक अकेली रोटी नहीं दे रहे हैं। ग्राहकों को 40 रुपए में दो रोटियां खरीदनी पड़ रही हैं। लोगों का कहना है कि आटे की कीमत बढ़ने के साथ रोटी का वजन भी कम किया जा रहा है।



सरकार का दावा- सब्सिडी वाला आटा अब भी बांटा जा रहा

खाद्य विभाग का कहना है कि सब्सिडी वाला आटा अब भी पूरे प्रांत में बांटा जा रहा है। विभाग के मुताबिक, पिछले हफ्ते 1,611 सक्रिय डीलरों के जरिए सरकारी दरों पर 4,17,168 बैग आटा सप्लाई किया गया। पेशावर डिवीजन को 1,01,955, मलाकंड को 1,20,737 और मरदान को 59,389 बैग मिले। हजारा को 38,129, बन्नू को 12,588, डेरा इस्माइल खान को 41,688 और कोहाट को 42,682 बैग की सप्लाई की गई।

■ वर्ष-12 अंक-335 मूल्य- 2 रु. मध्यप्रदेश छत्तीसगढ़ गुजरात महाराष्ट्र राजस्थान उत्तरप्रदेश उत्तरांचल मालवा डिवीजन 402/2024-2026 आर एन आई क्रमांक 2013/57651

सुभाषितानि

दानानां च समस्तानां चत्वार्यतानि भूतले।
श्रेष्ठानि कन्यागोभूमिविद्या दानानि सर्वदा।।

भावार्थ : कन्यादान, गोदान, भूमिदान और विद्यादान सभी दानों में सर्वश्रेष्ठ हैं।

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥

दैनिक ब्रह्मास्त्र

उज्जैन, बृहस्पतिवासरः 08 अक्टूबर, 2026

तैलाद्रक्षेत् जलाद्रक्षेत्रक्षेत् शिथिल बंधनात्।
मूर्खहस्ते न दातव्यमेवं वदति पुस्तकम्।।

भावार्थ : पुस्तक कहती है, तेल से मेरी रक्षा करो, जल से मेरी रक्षा करो, मेरे बंधन को ढीला मत होने दो और मुझे मूर्ख के हाथों में मत डालो।

सम्पादकीयम्

जातिगणनास्वरूपे

यदा केन्द्रसर्वकारेण जातिगणनायाः तिथयः घोषिताः तदा आरम्भादेव स्पष्टं जातं यत् कार्यं आव्हानात्मकं भविष्यति। यद्यपि भारतीयराजनीत्यां जातिः सर्वदा महत्त्वपूर्णं स्थानं धारयति तथापि तस्याः समीचीननिर्धारणं वर्गीकरणं च कठिनं सिद्धं भवितुम् अर्हति। यद्यपि जनगणनाप्रक्रिया आरब्धा, द्वितीयचरणस्य जातिगणना च निर्धारिता अस्ति तथापि पद्धतिसम्बद्धाः प्रश्नाः पूर्वमेव उत्पद्यन्ते। काङ्ग्रेसस्य आक्षेपः काङ्ग्रेसपक्षस्य आरोपः अस्ति यत् जनगणनाप्रपत्रे ओबीसी-जनानाम् कृते विशिष्टस्तम्भस्य अभावः अस्ति। लोकसभायां विपक्षस्य नेता राहुलगान्धी, काङ्ग्रेसस्य अध्यक्षः मल्लिकार्जुनखर्गे च अपि आँकडासंग्रहणपद्धतीनां विषये चिन्ताम् उक्तवन्तौ। तेषां आक्षेपः तस्मात् उद्भूतः यत् जातिक्षेत्रं मुक्तान्तं भवति, प्रतिवादिनां स्वयमेव स्वजातिलेखनं करणीयम्। यतो हि देशस्य विभिन्नेषु भागेषु एकैव जातिः भिन्नभिन्ननाम्ना प्रसिद्धा अस्ति, तस्मात परिणामी दत्तांशः भ्रमितः भवितुम् अर्हति स्म, येन सार्थकनिष्कर्षः अत्यन्तं कठिनः भवति स्म २०११ तमस्य वर्षस्य त्रुटिः एषा आशङ्का सम्पूर्णतया निराकर्तुं न शक्यते। २०११ तमे वर्षे सामाजिक-आर्थिक-जाति-जनगणनायाः समये अपि एतस्यैव प्रारूपस्य उपयोगः कृतः। तस्मिन् समये ४६ लक्षं अधिकाः जातिः, उपजातिः, उपनामानि च अभिलेखितानि आसन्। तस्मिन् दत्तांशे एतावन्तः असङ्गतिः आसीत् यत् अन्ततः सर्वकारेण तत् न मुक्तुं निर्णयः कृतः। काङ्ग्रेसः सूचयति यत् प्रतिवादिनां कृते त्यक्तुं न अपि तु पूर्वनिर्धारिता जातिसूची भवितुमर्हति। एकस्यामेव नाम्ना जातिः अभिलेखिता भवति इति सुनिश्चितं करणम्।

इन्दौर-नगरे-राष्ट्रीय-स्वच्छता-क्रमाङ्कने शीर्षस्थानस्य कृते प्रसिद्धं नगरं

स्वच्छताकर्मचारिणां हड़तालेन दृश्यं क्षतिग्रस्तं भवति; कचरासंग्रहणं स्थगितं दुःखं जनयति

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर



इन्दौर-नगरे-राष्ट्रीय-स्वच्छता-क्रमाङ्कने शीर्षस्थानस्य कृते प्रसिद्धं नगरं-स्वच्छ-कर्मचारिणां हड़तालस्य प्रभावः अधुना नगरस्य दैनन्दिन-कार्यक्रमेषु स्पष्टतया दृश्यते ८,००० तः अधिकाः नगरपालिका स्वच्छताकर्मचारिणः मंगलवासरे द्वितीयदिनं यावत् कार्यात् परहेजं कृतवन्तः, तेषां रोजगारस्य नियमितीकरणं समावेशितम् आग्रहं कृतवन्तः। श्रमिकाणां कर्तव्यनिष्कासनेन अनेकक्षेत्रेषु कचरासंग्रहणं स्वच्छतासेवा च बाधिता अभवत्। वीथिषु सार्वजनिकस्थानेषु च गृहकचराणां सञ्चयः आरब्धः, विपण्यक्षेत्रेषु अपि मलिनता दृश्यते स्म।

आन्दोलनस्य प्रभावः कचरासंग्रहणव्यवस्थायां सर्वाधिकं महत्त्वपूर्णतया अभवत्। प्रायः द्वारे द्वारे गोलं कुर्वन्ति ये यानाः ते अनेकेषु वाडेर्षु न प्राप्नुवन्ति स्म, येन निवासिनः स्वस्य अपशिष्टं गृहे एव स्थापयितुं बाध्यन्ते स्म। यत्र पूर्वमेव कचराणां सञ्चयः आसीत तत्र स्थितिः दुर्गता अभवत्। व्यस्तविपण्येषु पदयात्रिकाः, दुकानदाराः च अपि पर्याप्तं असुविधां प्राप्नुवन्ति स्म।

नगरपालिका मुख्यालये विरोधः घण्टाभिः यावत् भवति मंगलवासरे नगरनिगमस्य मुख्यालये बहूनां स्वच्छताकर्मचारिणः एकत्रिताः आसन्। कर्मचारिणः प्रातः ११:०० वादनस्य समीपे आगन्तुं आरब्धवन्तः, मुख्यद्वारस्य समीपे धर्नाविरोधं च कृतवन्तः, तेषां माङ्गल्याः समर्थने नारां प्रसारयन्ति स्म। आन्दोलनकारिणः घोषितवन्तः यत् यावत् तेषां माङ्गल्याः विषये ठोसः निर्णयः न भवति तावत् ते कार्यं कर्तुं न आगमिष्यन्ति इति।

अतिरिक्तायुक्तः प्रखरसिंहः कर्मचारिभिः सह वातार्लापं कर्तुं आगतः, परन्तु आन्दोलनकारिणः नगरायुक्तेन सह प्रत्यक्षतया विषये चर्चां कर्तुं आग्रहं कृतवन्तः। फलतः कर्मचारिभिः प्रायः चतुर्घण्टाः प्रतीक्षितव्याः आसन्। अन्ततः नगरायुक्तः क्षितिजसिंघलः स्थले आगत्य श्रमिकैः सह वातार्लापं कृत्वा तेषां ज्ञापनपत्रं स्वीकृतवान्। निगमः सर्वकाराय कन्दुकं पारयति नगरायुक्तः कर्मचारिभ्यः सूचितवान् यत् तेषां माङ्गल्याः सर्वकारीयस्तरं प्रति अग्रे प्रेषिताः। फलतः नीतिस्तरीयकायार्णां आवश्यकतां जनयन्तः विषयाः-यथा नियमितीकरणं-सम्बद्धाः निर्णयाः सर्वकारेण एव करणीयाः। यद्यपि आयुक्तः कर्मचारिभ्यः पुनः कार्यं कर्तुं आह्वानं कृतवान् तथापि विरोधं कुर्वन्तः कर्मचारीः तत् कर्तुं न इच्छन्ति स्म।

पूर्वं निष्कासिताः ४४ कर्मचारिणः पुनः नियुक्ताः इति अपि निगमेन उक्तम्। तदपि कर्मचारिणः स्वस्य अन्यमागधानां विषये निर्णयार्थं दबावं कुर्वन्ति, यस्य परिणामेण प्रशासनस्य कर्मचारिणां च मध्ये निरन्तरं स्थगितम् अस्ति। मुख्यमन्त्री कार्यालयतः पत्रं प्राप्तस्य दावा इदानीं कर्मचारिणां नेतारः मंगलवासरे अपराह्णे मुख्यमन्त्रीकार्यालयात् पत्रं प्राप्तवन्तः इति दावान् कृतवन्तः, यत्र कर्मचारिणां माङ्गल्याः विचारः भविष्यति इति आश्वासनं दत्तम्। परन्तु तत्क्षणमेव कार्यं कर्तुं कर्मचारिणः एतत् पर्याप्तं आधारं न मन्यन्ते स्म; नेतारः वदन्ति यत् बुधवासरे अपि हड़तालः निरन्तरं भविष्यति।

बाजारेषु प्रभावः दृश्यते नगरस्य अनेकेषु प्रमुखेषु विपण्येषु हड़तालस्य प्रभावः स्पष्टः आसीत्। सराफा, सितलमाताबाजारः, खजुरीबाजारः च इत्यादिषु व्यस्तक्षेत्रेषु विविधस्थानेषु कचरा विकीर्णः आसीत्। पूर्वक्षेत्रे अटलद्वारतः लक्ष्मीस्मारकचिकित्सालये यावत विस्तृते मार्गे अनेकस्थानेषु कचरा अपि दृश्यते स्म।

बागेश्वर धाम बलात्कारप्रकरणः

अभियुक्तस्य डीएनए मेलनं न कृतवान्

ब्रह्मास्त्र ▸▸ जबलपुर

बागेश्वरधाम् गतस्य १६ वर्षीयायाः नाबालिगस्य कथितबलात्कारस्य प्रकरणे नूतनः मोडः उद्भूतः अस्ति। अभियुक्तस्य राजुजातवस्य डीएनए भ्रूणस्य सङ्गतिं न कृतवान् इति तथ्यस्य अभावे अपि च नाबालिगः न्यायालये स्वस्य वक्तव्यं प्रत्याहरति स्म तथापि उच्चन्यायालयेन तस्य द्वितीयं जमानतयाचना अङ्गीकृतम्। न्यायालयेन नाबालिकायाः सह यौनसम्बन्धः जातः, सा गर्भवती इति च स्वीकृतम्। अधुना उच्चन्यायालयेन छतरपुरस्य एसपी-सङ्घस्य निर्देशः दत्तः यत् नाबालिगस्य यौनशोषणं केन कृतवान्, भ्रूणस्य जैविकः पिता कोऽस्ति इति निर्धारयितुं एसआइटी-सङ्घटनं करणीयम्।

परिवारेण दुःखिता १६ वर्षीयः नाबालिगः मार्चमासस्य १६ दिनाङ्के बागेश्वरधाम् आगता आसीत्। परदिने मार्चमासस्य १७ दिनाङ्के राजगढनिवासिनः राजुजातवः सा मिलितवती राजुः तां गृहं पातयित्वा समीपस्थं क्षेत्रे नीत्वा बलात्कारं कृतवान् इति आरोपः अस्ति। तदनन्तरं सः किशोरीम् प्रायः १५ दिवसान् यावत् स्वेन सह स्थापयित्वा तां पचोनगरे स्वगृहं आनयत्। यदा राजुपत्न्या एतत् ज्ञातं तदा सा नाबालिगं पुलिसं प्रति नीतवती। किशोरी पुलिसाय बालकल्याणसमित्याभ्यां च एतत् घटनां कथितवती।

राज्यस्य नर्सिंग शिक्षाव्यवस्थायाः च विषये सम्बद्धान् विषयान

ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल

2022 से लंबित जनहित मुकदमे विधि विद्यार्थी संघ (कानून छात्र संघ) इत्यनेन नर्सिंग महाविद्यालयानाम् मान्यतायाः राज्यस्य नर्सिंग शिक्षाव्यवस्थायाः च विषये सम्बद्धान् विषयान् सम्बोधयन् 2022 तमे वर्षे जनहितमुकदमम् दाखिलम्। नर्सिंगशिक्षायाः महाविद्यालयस्य मान्यतायाः च विषये विविधाः पक्षाः अस्याः याचिकायाः अन्तर्गतं न्यायालयस्य समक्षं आनीताः सन्ति। इदानीं विषयस्य व्याप्तिः संस्थानां मान्यतामात्रात् परं विस्तृता अस्ति। पर्याप्तसुविधारहितसंस्थाभ्यः अन्ययोग्यसंस्थासु स्थानान्तरितानां छात्राणां शिक्षा प्रशिक्षणं च महत्त्वपूर्णविषयेषु उद्भूतम् अस्ति।

राशिफल

मेष : आज के दिन आपका लक आपका साथ देगा। करियर के नए अवसर आपके सामने आएंगे।

वृषभ : आज के दिन कॉन्फिडेंस में आपके कमी आ सकती है। नौकरी में बदलाव की भी बड़ी संभावना है।

मिथुन : आज प्रमोशन पाने के लिए आपको पूरे लगन के साथ ऑफिस के टास्क कंप्लीट करने चाहिए।

कर्क : आज के दिन लाइफ पार्टनर के साथ बॉन्ड को स्ट्रांग बनाने के लिए आप डेट प्लान कर सकते हैं।

सिंह : आज के दिन हिम्मत न हारें और पॉजिटिव रहने की कोशिश करें। दफ्तर में टिके रहने के लिए बहुत कड़ी मेहनत करनी होगी।

कन्या : आज बदलाव के लिए खुले रहने से आपको अच्छे नतीजे मिल सकते हैं। हर पहलू में संतुलन बनाए रखें।

तुला : आज कारोबार से जुड़े लोगों को सावधान रहने की जरूरत है। काम का प्रेशर ज्यादा महसूस होगा।

वृश्चिक : आज कुछ अप्रत्याशित समस्याएं सामने आ सकती हैं, जिससे आपकी प्लानिंग पूरी होने में देरी हो सकती है।

धनु : आज आपको अपनी मेंटल हेल्थ का खास ख्याल रखना चाहिए। सहकर्मियों से कही गई बातों में सावधानी बरतने की जरूरत है।

मकर : प्रोफेशनल कनेक्शन को मजबूत करने का अवसर है। करीबियों के साथ अपने कनेक्शन को मजबूत करने के अवसरों की तलाश करें।


कुंभ : सेहत के लिहाज से, अपनी फिजिकल और मेंटल हेल्थ के लिए संतुलित दृष्टिकोण अपनाने के लिए यह एक अच्छा दिन है।

मीन : प्रोडक्टिविटी आज रोज के मुकाबले नॉर्मल से स्लो रहेगी। अपने जीवन में संतुलन बनाए रखने के लिए मोटिवेट किया जाता है।

जिम्बाब्वे, आयरलैंड और अफगानिस्तान की एंट्री, एक मैच की टेस्ट सीरीज के भी पॉइंट्स जुड़ेंगे

12 टीमों का हो सकता है अगला वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप

ब्रह्मास्त्र ▸▸ दुबई



वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप यानी डब्ल्यूटीसी का अगला साइकल मौजूदा 9 टीमों के बजाय 12 का हो सकता है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के सीईओ टॉड ग्रीनबर्ग ने संकेत दिए हैं कि 2029-31 के डब्ल्यूटीसी में जिम्बाब्वे, आयरलैंड और अफगानिस्तान को शामिल करने की तैयारी है। इसके लिए एक बड़ा बदलाव यह भी हो सकता है कि एक टेस्ट की सीरीज को डब्ल्यूटीसी के पॉइंट्स में शामिल किया जाए। इस फैसले पर अगले महीने बाली में होने वाली आईसीसी बैठकों में निर्णय आने की उम्मीद है।

मौजूदा डब्ल्यूटीसी 2019 से 9 टीमों के साथ खेला जा रहा है। हर टीम दो साल में 6 टेस्ट सीरीज खेलती है। 3 घर में और 3 विदेशी जमीन पर। अभी डब्ल्यूटीसी सीरीज में कम से कम 2 टेस्ट होना जरूरी है।

ग्रीनबर्ग के मुताबिक 12 टीमों का मॉडल इसलिए जरूरी है, क्योंकि हर टेस्ट खेलने वाले देश को डब्ल्यूटीसी में जगह देने की कोशिश की जा रही है। लेकिन उनका मानना है कि यह मॉडल लंबे समय तक आर्थिक रूप से कितना टिकाऊ रहेगा, यह बड़ा सवाल है। उन्होंने साफ कहा कि अगर आईसीसी से मिलने वाली आमदनी मौजूदा स्तर पर नहीं रहती या बोर्ड अपने एफटीए यानी फ्यूचर टूर प्रोग्राम से पर्याप्त कमाई नहीं कर पाते, तो लगातार कमाई से ज्यादा खर्च करना संभव नहीं होगा। यही समस्या ग्लोबल क्रिकेट के कुछ हिस्सों में पहले से दिखाई दे रही है।

टेस्ट क्रिकेट महंगा है, सिर्फ 11 खिलाड़ी जुटाना काफी नहीं- ग्रीनबर्ग का तर्क सिर्फ मैच आयोजित करने की लागत तक सीमित नहीं है। उनके मुताबिक किसी देश के लिए टेस्ट क्रिकेट खेलने का असली खर्च पूरे सिस्टम को तैयार करने में है। रेड-बॉल क्रिकेटर्स तैयार करने के लिए घरेलू ढांचा, खिलाड़ी विकास और लंबे समय की व्यवस्था चाहिए। उनका मानना है कि आने वाले समय में कुछ सदस्य देश टेस्ट क्रिकेट खेलना बंद कर सकते हैं। कुछ देशों को अपने घरेलू मुकाबलों से ज्यादा विदेशी जमीन पर टेस्ट खेलने पड़ सकते हैं, ताकि उनके यहां टेस्ट क्रिकेट पूरी तरह खत्म न हो। यही वजह है कि ग्रीनबर्ग ने मौजूदा होम-एंड-अवे की बराबर व्यवस्था पर भी सवाल उठाया है। उनका कहना है कि यही पारंपरिक व्यवस्था कुछ देशों को आर्थिक रूप से नुकसान पहुंचा सकती है।

वनडे को भी बचाने की कोशिश- ग्रीनबर्ग ने वनडे क्रिकेट के भविष्य पर भी बात की। दुबई में मल्टीलेटरल टूर्नामेंट के आइडिया पर चर्चा हुई। इसमें एक सुझाव इंटरकॉन्टिनेंटल कप का भी था, जिसमें अलग-अलग महाद्वीपों की शीर्ष टीमें आमने-सामने आ सकती हैं। ग्रीनबर्ग के मुताबिक हाई परफॉर्मेंस से जुड़े लोग वनडे को खिलाड़ियों के टैलेंट डेवलपमेंट के लिए बेहद महत्वपूर्ण मानते हैं। वहीं आईसीसी स्तर पर वनडे वर्ल्ड कप को ग्लोबल क्रिकेट की कमर्शियल कमाई के लिए अहम माना जाता है।

ऑस्ट्रेलिया चाहता है साउथ अफ्रीका के साथ 5 टेस्ट

ऑस्ट्रेलिया भविष्य में साउथ अफ्रीका के खिलाफ 5 टेस्ट की सीरीज खेलना चाहता है। हालांकि दोनों देशों के क्रिकेट कैलेंडर में समान समय पर अपने घरेलू सीजन होने के कारण यह आसान नहीं है। पाकिस्तान भी ऑस्ट्रेलिया के लिए लंबे टेस्ट सीरीज का विकल्प हो सकता है। ऑस्ट्रेलिया में बड़ी पाकिस्तानी प्रवासी आबादी को देखते हुए ग्रीनबर्ग ने इसे कमर्शियल रूप से उपयोगी बताया। पाकिस्तान दिसंबर 2027 में ऑस्ट्रेलिया का दौरा करेगा, जहां 3 टेस्ट खेले जाएंगे। इसके बाद फरवरी 2028 में श्रीलंका का दौरा प्रस्तावित है।

ऑस्ट्रेलिया का अगला टेस्ट एफटीपी लगभग तय

ऑस्ट्रेलिया का 2027-31 का घरेलू टेस्ट फ्यूचर टूर प्रोग्राम भी लगभग तय हो चुका है। 2027-28 में पाकिस्तान और श्रीलंका के बाद 2028-29 में भारत ऑस्ट्रेलिया का दौरा करेगा। इसके बाद 2029-30 में इंग्लैंड आएगा। 2030-31 के घरेलू सीजन के लिए विपक्षी टीम अभी तय नहीं हुई है।

न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे-टेस्ट टीम का ऐलान अगले हफ्ते

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे और टेस्ट सीरीज के लिए भारतीय टीम का ऐलान अगले हफ्ते हो सकता है। वनडे टीम की घोषणा में देरी की बड़ी वजह इस समय पुडुचेरी में चल रही भारत अ और ऑस्ट्रेलिया अ की अनऑफिशियल वनडे सीरीज है। चयनकर्ता कुछ खिलाड़ियों को करीब से देखना चाहते हैं, जो न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे टीम में जगह बनाने की दावेदारी पेश कर रहे हैं। भारत 22 अक्टूबर से 1 दिसंबर तक न्यूजीलैंड दौरे पर रहेगा। इस दौरान टीम 5 टी-20, 5 वनडे और 2 टेस्ट मैच खेलेगी। एक दिन पहले ही इउउक ने टी-20 टीम का ऐलान किया था। चयनकर्ताओं की योजना न्यूजीलैंड दौरे के लिए एक वैकल्पिक स्क्वॉड तैयार रखने की है। इसकी वजह टेस्ट सीरीज का शेड्यूल है। टेस्ट टीम में शामिल नियमित खिलाड़ियों को टेस्ट की तैयारी के लिए वनडे सीरीज खत्म होने से पहले ही न्यूजीलैंड रवाना होना पड़ सकता है।

ज्योतिष/वास्तु

गजकेसरी-शश राजयोग में पधारेंगी मां दुर्गा

शारदीय नवरात्रि : 58 साल बाद नवरात्रि में दुर्लभ महासंयोग



शारदीय नवरात्रि 2026 इस बार बेहद खास मानी जा रही है। ज्योतिषीय गणनाओं के अनुसार, करीब 58 साल बाद नवरात्रि के दौरान गजकेसरी और शश राजयोग का दुर्लभ संयोग बन रहा है। मान्यता है कि इस विशेष योग का प्रभाव नवरात्रि के धार्मिक महत्व को और बढ़ा सकता है।

शारदीय नवरात्रि हिंदू धर्म के प्रमुख पर्वों में शामिल है। इन नौ दिनों में मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की विधि-विधान से पूजा की जाती है। साल 2026 की नवरात्रि धार्मिक दृष्टि के साथ-साथ ज्योतिषीय नजरिए से भी खास बताई जा रही है। पंचांग के अनुसार, शारदीय नवरात्रि की शुरूआत रविवार, 11 अक्तूबर 2026 से होगी और महानवमी 19 अक्तूबर को मनाई जाएगी। ज्योतिषीय गणना के अनुसार, नवरात्रि के आरंभ यानी घटस्थापना के समय कई शुभ ग्रह-नक्षत्रीय संयोग बन रहे हैं। इनमें हस्त नक्षत्र, शुक्ल योग और गजकेसरी योग का संयोग प्रमुख बताया जा रहा है। वहीं नवरात्रि के दौरान शनि की स्थिति से शश राजयोग बनने की बात भी कही जा रही है। इसी वजह से इस बार की नवरात्रि को विशेष ज्योतिषीय संयोगों वाली माना जा रहा है।

58 साल बाद नवरात्रि की शुरूआत में गजकेसरी योग- नवरात्रि के पहले दिन सूर्योदय के समय हस्त नक्षत्र और शुक्ल योग का प्रभाव रहेगा। इसी दौरान गुरु और चंद्रमा की स्थिति से गजकेसरी योग बनने की बात कही जा रही है। ज्योतिष में गुरु और चंद्रमा के केंद्र संबंध से बनने वाले गजकेसरी योग को शुभ माना जाता है। मान्यता के अनुसार, इसका संबंध ज्ञान, बुद्धिमत्ता, सम्मान, समृद्धि और बेहतर निर्णय क्षमता से जोड़ा जाता है। ज्योतिषीय गणना के अनुसार, नवरात्रि की शुरूआत में नक्षत्र, वार और योग का ऐसा संयोजन लंबे अंतराल के बाद बन रहा है। इसे करीब 58 साल बाद बनने वाला दुर्लभ संयोग बताया जा रहा है। यही वजह है कि इस बार घटस्थापना का दिन ज्योतिषीय दृष्टि से खास माना जा रहा है।

करीब 30 साल बाद शश राजयोग का संयोग- नवरात्रि के दौरान सिर्फ गजकेसरी योग ही चर्चा में नहीं है। इस बार शनि की स्थिति भी विशेष बताई जा रही है। ज्योतिषीय गणना के अनुसार, शनि अपनी मूल त्रिकोण राशि कुंभ में स्थित हैं। शनि की इस स्थिति से बनने वाला शश राजयोग पंच महापुरुष योगों में शामिल माना जाता है। ज्योतिष में इसे अनुशासन, मेहनत, स्थिरता, जिम्मेदारी और न्याय से जुड़ा हुआ माना जाता है। मान्यता के अनुसार, करीब 30 साल बाद नवरात्रि के दौरान शनि की ऐसी स्थिति देखने को मिल रही है। ऐसे में इस योग को भी नवरात्रि के विशेष ज्योतिषीय संयोगों में गिना जा रहा है।

गुरु और सूर्य का भी रहेगा शुभ संबंध- नवरात्रि के दौरान देवगुरु बृहस्पति और सूर्य के बीच भी शुभ संबंध बनने की बात कही जा रही है। ज्योतिष में गुरु को ज्ञान, धर्म, शिक्षा और विस्तार का कारक माना जाता है, जबकि सूर्य आत्मविश्वास, सम्मान और नेतृत्व से जुड़े माने जाते हैं। ऐसे में दोनों ग्रहों के शुभ संबंध को धार्मिक और आध्यात्मिक गतिविधियों के लिए अनुकूल माना जाता है। नवरात्रि में पूजा-पाठ, मंत्र जाप और साधना करने वालों के लिए इस ग्रह स्थिति को विशेष महत्व दिया जा रहा है।

सर्वार्थ सिद्धि और अमृत सिद्धि योग भी रहेंगे- शारदीय नवरात्रि के नौ दिनों में कई अन्य शुभ योगों का भी प्रभाव देखने को मिलेगा। ज्योतिषीय गणना के अनुसार, नवरात्रि के दौरान करीब चार से पांच दिन सर्वार्थ सिद्धि योग बन सकता है। इसके अलावा करीब दो दिन अमृत सिद्धि योग का संयोग भी रहेगा। ज्योतिष में सर्वार्थ सिद्धि योग को नए और शुभ कार्यों की शुरूआत के लिए अनुकूल माना जाता है। वहीं अमृत सिद्धि योग को भी मांगलिक और धार्मिक कार्यों के लिए शुभ बताया गया है।

नवरात्रि में पूजा-पाठ का बढ़ जाता है महत्व- नवरात्रि के नौ दिनों में मां दुर्गा के अलग-अलग स्वरूपों की पूजा की जाती है। भक्त व्रत रखते हैं, दुर्गा सप्तशती का पाठ करते हैं और अपनी श्रद्धा के अनुसार मंत्र जाप व साधना करते हैं। धार्मिक मान्यता के अनुसार, नवरात्रि में मां दुर्गा की आराधना करने से मन को शांति और सकारात्मक ऊर्जा मिलती है। वहीं इस बार बनने वाले विशेष ज्योतिषीय योगों के कारण नवरात्रि का धार्मिक महत्व और भी बढ़ने की बात कही जा रही है।

9 भारतीय पहलवानों को अमेरिकी वीजा नहीं

20 साल से कम उम्र और बेरोजगारी बनी वजह, अंडर23 वर्ल्ड रेसलिंग चैंपियनशिप में खेलना मुश्किल

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली



भारत के 9 पहलवानों को अमेरिका का वीजा नहीं मिल पाया है। इससे लास वेगास में होने वाली व23 वर्ल्ड रेसलिंग चैंपियनशिप में उनका खेलना मुश्किल हो गया है। टूर्नामेंट 12 से 18 अक्टूबर तक होना है। वीजा नहीं मिलने वालों में 2024 व17 वर्ल्ड चैंपियन नेहा सांगवान भी शामिल हैं।

पहलवानों को बुधवार को नई दिल्ली स्थित अमेरिकी दूतावास में वीजा इंटरव्यू के लिए बुलाया गया था। वहां उन्हें मौखिक रूप से बताया गया कि उनके आवेदन 20 साल से कम उम्र और रोजगार नहीं होने के कारण खारिज किए गए हैं। इंटरव्यू के बाद उनके पासपोर्ट भी वापस कर दिए गए।

डब्ल्यूएफआई ने कहा- ये व23 खिलाड़ी हैं, कई अभी नौकरी नहीं करते- रेसलिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया यानी डब्ल्यूएफआई ने अपने पत्र में अमेरिकी दूतावास से फैसले पर दोबारा विचार करने की अपील की। फेडरेशन ने कहा कि यह चैंपियनशिप व23 आयु वर्ग के लिए है और इसमें हिस्सा लेने वाले पहलवानों की उम्र 18 से 23 साल के बीच है। डब्ल्यूएफआई के मुताबिक, इनमें से कई युवा खिलाड़ी अभी पूरी तरह अपने खेल करियर पर ध्यान दे रहे हैं और इसलिए उनका औपचारिक रूप से नौकरी में होना जरूरी नहीं है।

24 इंटरव्यू के लिए पहुंचे, 16 पहलवान थे- डब्ल्यूएफआई ने अमेरिकी दूतावास को भेजे पत्र में बताया कि बुधवार को कुल 24 प्रतिभागी वीजा अपॉइंटमेंट के लिए पहुंचे थे। इनमें 16 पहलवान थे और उनमें से 9 के वीजा आवेदन खारिज कर दिए गए।

गुरुवार को इंटरव्यू देने वाले पहलवानों को लेकर भी चिंता

- डब्ल्यूएफआई ने सिर्फ बुधवार को वीजा नहीं मिलने वाले पहलवानों का मामला नहीं उठाया, बल्कि गुरुवार को वीजा अपॉइंटमेंट वाले खिलाड़ियों को लेकर भी अमेरिकी दूतावास से चिंता जताई है।
- फेडरेशन ने कहा कि गुरुवार को इंटरव्यू देने वाले ज्यादातर पहलवान भी 20 साल से कम उम्र के और फिलहाल बेरोजगार हैं। इसलिए डब्ल्यूएफआई को आशंका है कि उनके आवेदनों के साथ भी यही स्थिति पैदा हो सकती है।
- वीजा नहीं मिलने वाले पहलवानों में समर्थ गजानन म्हाकावे, धीरज कुमार मलिक, सचिन कुमार, निखिल, हरदीप, परवीन, अहिल्या शत्रुघ्न शिंदे, नेहा शर्मा और नेहा सांगवान शामिल हैं।

खबर एक नजर...

साइबर ठगों ने 2 लोगों के खाते से उड़ाये 1 लाख

उज्जैन। साइबर ठगों द्वारा हर दिन लोगों के साथ ऑनलाइन धोखाधड़ी को अंजाम दिया जा रहा है। बुधवार को जीवाजीगंज थाना पुलिस ने ईश्वर पिता सत्यनारायण शर्मा निवासी ज्ञान टेकरी की शिकायत पर अज्ञात बदमाश के खिलाफ खाते से 49 हजार 999 रुपए का ट्रांजेक्शन करने का प्रकरण दर्ज किया है। इससे पहले मंगलवार को जीवाजीगंज थाना क्षेत्र के भैरूनाला क्षेत्र में रहने वाले संजय पिता जगदीश कलोसिया के खाते से 49 हजार 999 रुपए निकालकर धोखाधड़ी करने का मामला दर्ज किया गया था। दोनों मामलों में शिकायत करने वालों का कहना था कि उन्होने किसी को अपनी जानकारी शेयर नहीं की थी, ना ही ओटीपी बताया था। उन्हे मोबाइल पर खाते से ट्रांजेक्शन होने का मैसेज मिला तो धोखाधड़ी का पता चला। पुलिस के अनुसार मामले में प्रकरण दर्ज कर बैंकों से जानकारी मांगकर जानकारी जुटाई जा रही है कि दोनों खातों से निकली राशि किस खाते में गई है। गौरतलब हो कि साइबर ठगी करने वाले हर दिन लोगों के खातों से हजारों-लाखों का अवैध तरीके से ट्रांजेक्शन कर रहे है। साइबर हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज होने के बाद मामले पुलिस के पास जांच के लिये पहुंच रहे है।

मृतक की नहीं हुई पहचान, हाथ पर गुदा कालू-किरण

उज्जैन। क्षिप्रा नदी रामघाट पर मंगलवार को नहाते समय एक युवक डूब गया था। मां क्षिप्रा तैराक दल के गोताखोरों ने उसका शव बाहर निकाला था। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम किया था। मृतक के कपड़े घाट की सीढियों पर मिले थे। लेकिन उसमें पहचान का कोई दस्तावेज नहीं मिला थ। महाकाल पुलिस ने आसपास के थानों से गुमशुदा लोगों की जानकारी मांगी थी। बुधवार दोपहर तक मृतक की पहचान नहीं हो पाई। एसआई के. के. मालवीय ने बताया कि पोस्टमार्टम के दौरान मृतक के हाथ पर कालू-किरण गुदा हुआ सामने आया। पहचान नहीं होने पर पोस्टमार्टम के बाद शव को दफनाया गया है। जिले के साथ संभाग में मृतक का फोटो पुलिस ग्रुप पर भेजा गया है। परिजनों के मिलने पर ही मृतक के संबंध में जानकारी स्पष्ट हो पायेगी।

महिला की मौत के मामले में बाइक चालक पर केस दर्ज

उज्जैन। माकडोन थाना क्षेत्र के ग्राम कपेली और मानपुर जोड़ के बीच अहिल्या बावड़ी घाट के पास 6 सितंबर को दुर्घटना में आरती पति अशोक मालवीय 35 साल निवासी लालाखेड़ी की मौत हो गई थी। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया था। एक माह की जांच के बाद एसआई आरसी दलोदिया ने मामले में बाइक चालक के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाकर महिला की जान लेने का प्रकरण धारा 106 (1) भारतीय न्याय संहिता में दर्ज किया है। एसआई दलोदिया के अनुसार आरती मालवीय पति के साथ बाइक से जा रही थी उसी दौरान पीछे से उसे बाइक चालक ने टक्कर मार दी थी। गिरने पर सिर में लगी चोंट की वजह से उसकी मृत्यु हुई थी। चालक को गिरफ्तार कर बाइक जप्त की जायेगी। एक अन्य दुर्घटना के मामले में तराना थाना एएसआई ढालसिंह चौहान ने बताया कि 8 सितंबर को सालाखेड़ी जोड कानीपुरा मार्ग पर सड़क दुर्घटना में ईश्वर पिता रमेशचंद्र परमार 30 साल निवासी इंद्राकालोनी तराना की मौत हो गई थी। उक्त मामले में बाइक चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया है। ईश्वर परमार पैदल घर लौट रहा था, उसी दौरान पीछे से बाइक चालक ने टक्कर मारी थी।

शराब के रुपए नहीं देने पर बदमाश ने किया हमला

उज्जैन। खाराकुआ थाना क्षेत्र की जामा मस्जिद के पास बीती रात शाबीर उर्फ छोटू पिता सुजीबुर्रहमान हुसैन निवासी हेलावड़ी और साहिल पिता जुबेर खान को एक बदमाश ने रोका और शराब पीने के लिये 1 हजार रुपए मांगने लगा। दोनों ने बदमाश को रुपए देने से मना किया तो विवाद शुरू हो गया। बदमाश ने चाकू से साहिल पर वार कर दिया। वहीं शाबीर के साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी देकर भाग निकला। खाराकुआ थाना पुलिस ने बदमाश के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर तलाश शुरू की है।

लापता नाबालिग को 3 माह बाद किया दस्तयाब

उज्जैन। भैरवगढ़ थाना क्षेत्र से 3 माह पहले 13 साल की नाबालिग लापता हो गई थी। परिजनों ने नहीं मिलने पर पुलिस को शिकायत दर्ज कराई थी। मामले में अपहरण का प्रकरण दर्ज किया गया था, बालिका का पता लगाने के लिये थाना प्रभारी शैलेन्द्र प्रताप सिंह राजावत ने एएसआई राजेश सोराष्ट्री, आरक्षक जीवन कटारिया और महिला पूजा शर्मा की टीम गठित की थी। 3 माह बाद पता चला कि नाबालिग अपने घर पर ही है। पुलिस पहुंची और नाबालिग को दस्तयाब कर थाने लाया गया। जहां बयान दर्ज करने पर उसने बताया कि 8 जुलाई को बुधवारिया में रहने वाली नानी के घर गई थी। जहां से वापस लौट आई थी। पुलिस ने परिजनों से वापस आने की जानकारी नहीं देने के संबंध में पूछताछ की तो उन्होने सूचना नहीं देने की गलती मानी और बालिका के सुरक्षित होने की बात कहीं। पुलिस ने बालिका के कोर्ट में बयान दर्ज कर परिजनों को सौंप दिया।

दिन	456-5	130-4
मेन बाजार	469-9	230-5
मिलन डे	458-7	889-5
मिलन नाइट	490-3	340-7

5 8 0

अब चौड़ीकरण के कोयला फाटक से सतीगेट मार्ग तक अवैध निर्माण सामने आया

नाली के ऊपर अवैध निर्माण पर चली जेसीबी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

वही होने लगा है जिसका डर सता रहा था। नगर निगम ने मार्ग चौडीकरण किये और अभी निर्माण अंतिम सिरे पर ही हैं ऐसे में भी अतिक्रमण की शुरूआत हो चुकी है। चौड़ीकरण के कोयला फाटक से सतीगेट मार्ग पर अवैध निर्माण के तहत नाली के ऊपर निर्माण किया गया था। नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा की जानकारी में आते ही इस अवैध निर्माण पर जेसीबी चलवा दी गई है।

निगमायुक्त ने बुधवार को एक बार फिर से साफ किया है कि चौडीकरण किए गए मार्गों पर अतिक्रमण कतई बर्दाशत नहीं किया जाएगा।

दो दिन पूर्व निगमायुक्त के निर्माण कार्यों के



निरीक्षण से लौटते समय ढाबा रोड पर मावा बाजार में किए गए अवैध निर्माण पर नजर पडी थी। उन्होंने तत्काल ही अवैध निर्माण पर कार्रवाई करवाते हुए नाली पर ब्लाक लगाकर अवैध निर्माण कर अतिक्रमण को तुडवाया था। उस दौरान भी उन्होंने निर्देश दिए थे कि चौडीकरण मार्गों पर किसी भी प्रकार का अवैध निर्माण एवं अतिक्रमण नहीं होने दिया जाए। यहां तक की निर्माणकर्ता पर रूपए 5 हजार का जुमार्ना भी लगाया गया था।

आयुक्त श्री मिश्रा ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि चौड़ीकरण वाले सभी मार्गों पर नियमित रूप से निरीक्षण किया जाए। नाली, फुटपाथ अथवा सड़क के हिस्से पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण पाए जाने पर तत्काल हटाने की कार्रवाई करते हुए नियमानुसार जुमार्ना भी लगाया जाए।चौड़ीकरण के बाद मार्गों को पुनः अतिक्रमण मुक्त रखना नगर निगम की प्राथमिकता है, ताकि यातायात सुचारु रहे और नागरिकों को आवागमन में किसी प्रकार की परेशानी न हो।

ऐसे अतिक्रमण पर चली जेसीबी

कंठाल से होते हुए सतीगेट तक के क्षेत्र में दुकानदारों एवं नागरिकों द्वारा नाली के ऊपर ओटले बनाकर, चढ़ाव निर्माण करते हुए एवं ब्लॉक लगाकर किए गए अतिक्रमण एवं अवैध निर्माण को निगम की रिमूवल गैंग द्वारा तत्काल कार्रवाई करते हुए जेसीबी मशीन से हटाया गया।

11 हजार से अधिक का जुर्माना

स्वच्छता सर्वेक्षण अभियान के अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा बुधवार को शहर के विभिन्न क्षेत्रों में निरीक्षण करते हुए स्वच्छता नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई की गई। स्वास्थ्य विभाग द्वारा की गई कार्रवाई में गंदगी करते पाए जाने पर रूपए 6 हजार, प्लास्टिक पॉलीथिन का उपयोग करने पर रूपए 5,500 का जुर्माना वसूला गया।

नर्मदा के डेढ़ एमसीएम जल में होगा शनिश्चरी अमावस्या पर श्रद्धालुओं का स्नान

एनवीडीए की पाइप लाइन से त्रिवेणी बैराज में पानी की आवक

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

सर्वपितृ मोक्ष एवं शनिश्चरी अमावस्या के संयोग के चलते 10 अक्टूबर शनिवार को इंदौर रोड त्रिवेणी पर श्रद्धालु स्नान के लिए पहुंचेंगे। इस बार बारिश सामान्य से आधी होने के कारण मानसून के बावजूद मोक्षदायिनी शिप्रा नदी में पानी नहीं है। अमावस्या स्नान के लिए श्रद्धालुओं के बड़ी संख्या में आने को देखते हुए नर्मदा से डेढ़ मिलियन क्यूबिक मीटर पानी लिया जा रहा है। पानी की आवक शुरू हो चुकी है। स्नान के बाद इस पानी के अन्य उपयोग को लेकर संशय की स्थिति सामने आ रही है।

10 अक्टूबर शनिवार को अमावस्या पर तीन योगों का संयोग रहने वाला है। शनिश्चरी अमावस्या पर वैसे भी त्रिवेणी स्नान का महत्व और स्नान की परंपरा रही है। ऐसे में इस बार विशेष संयोग में स्नान के लिए प्रशासन ने तैयारी शुरू कर दी है। इसके लिए प्रारंभिक स्तर पर त्रिवेणी बैराज में पानी की उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है। स्नान के लिए नर्मदा का डेढ़ एमसीएम पानी लिया जा रहा है।

- **पाइप लाइन की 5 नोजल से आ रहा पानी-** नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण ने उज्जैन के त्रिवेणी स्थित मोक्ष धाम के पास तक नर्मदा की पाइप लाइन डाली हुई है। यहां लाइन में 5 नोजल 300 मिलीमीटर के लगे हुए हैं। स्नान के लिए पीएचई नगर निगम एवं प्रशासन की पहल पर एनवीडीए ने मंगलवार अपरांह से पानी भेजने की शुरूआत कर दी है। इन नोजलों से बराबर पानी आ रहा है जो सीधे त्रिवेणी बैराज में एकत्रित हो रहा है। इसी बैराज में एकत्रित पानी से श्रद्धालुओं के शनिश्चरी अमावस्या पर विशेष संयोग अंतर्गत स्नान करवाया जाना है। अधिकारिक स्तर पर इसकी पुष्टि की जा रही है।
- **नहीं मिल रहा कान्ह का पानी-** अगर सूत्रों की माने तो बताया जा रहा है कि अभी कान्ह का पानी वर्तमान में शिप्रा के त्रिवेणी बैराज में नहीं मिल रहा है। अस्थाई मिट्टी के डेम से पानी अपने दायरे में ही है और उसे पिपल्या राघौ डायवर्शन लाइन में ही छोड़ा जा रहा है। इस पानी को क्षेत्र के किसान भी उपयोग में ले रहे हैं। इसके चलते कान्ह के पानी की आवक त्रिवेणी बैराज में रूकी हुई हैं।
- **स्नान के बाद पानी उपयोग पर संशय-** इधर बताया जा रहा है कि स्नान के लिए नर्मदा के छोड़े जा रहे डेढ़ एमसीएम पानी का बाद में उपयोग पर संशय है। उसके पीछे कारण यह बताया जा रहा है कि इस मानसून के दौरान नदी में तेज बहाव का अभाव रहा है। इस बीच कान्ह का जहरीला पानी भी नदी में पिछले समय का विभिन्न बैराजों तक पहुंचा है और जिससे शिप्रा के त्रिवेणी, गऊघाट सहित अन्य आगे के बैराज में पुरानी गंदगी बराबर जमी हुई है। इसके चलते अगर स्नान के बाद यह पानी आगे छोड़ा जाता है तो बैराज की गंदगी युक्त हो जाएगा। ऐसे में इसके अगले उपयोग को लेकर संशय की स्थिति पीएचई विभाग से जुड़े अधिकारी बता रहे हैं।



जल निगम की लाइन से प्रेशर रिलीज

बुधवार को बड़नगर रोड खड़ोतिया में जल निगम की करीब एक मीटर व्यास की पाइप लाइन से दबाव कम करने के लिए पानी छोड़ा गया। यहां पर जल निगम की लाइन में स्कावर वाल्व लगा हुआ है। जल निगम प्रबंधक रविन्द्र राय के अनुसार यह लाइन बड़नगर से आगे तक गई है। इससे ग्रामीण क्षेत्र के कई गांवों की टंकियों को जोड़ा गया है। वर्तमान में यह व्यवस्था टेस्टिंग फेस में होने से प्रेशर रिलीज करना होता है। खड़ोतिया नाले के पास लाइन में लगे स्कावर वाल्व को खोलकर प्रेशर रिलीज किया जाता है,जिससे निकलने वाला पानी गंभीर डेम में जाता है। टेस्टिंग फेस पूर्ण होने पर प्रेशर रिलिज जैसा कोई काम बाद में नहीं करना पडेगा।

आदेश हुए नए ईई 4 दिन बाद भी नहीं पहुंचे

मध्यप्रदेश शासन लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग ने 3 अक्टूबर को एक आदेश जारी कर 77 प्रभारी कार्यपालन यंत्रियों के तबादले किए हैं। इसी में सहायक यंत्री लोक स्वास्थ्य एवं यांत्रिकी उपखंड खरगौन एवं कार्यपालन यंत्री खरगौन का अतिरिक्त प्रभार देख रहे है राहुल सुर्यवंशी को कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी संधारण खंड नगर निगम उज्जैन बनाकर भेजा गया है। वर्तमान में इस पद का प्रभार सहायक यंत्री शिवम दुबे के पास है। बुधवार तक नए कार्यपालन यंत्री ने यहां पहुंचकर पद भार ग्रहण नहीं किया है।

व्यापारी की शिकायत पर 23 दिन बाद दर्ज हुआ प्रकरण

ट्रक चालक ने ठिकाने लगाई 32 क्विंटल मूंगफली

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

व्यापारी ने 23 दिन पहले ट्रक चालक के साथ लाखों रुपए की मंगूफली चित्तौड़गढ़ और ब्यावर के लिये रवाना की। चार दिन बाद भी ट्रक ठिकाने पर नहीं पहुंचा तो व्यापारी ने तलाश शुरू की। चालक का ता नहीं चलने पर मामले की शिकायत पुलिस की। चालक के खिलाफ अमानत में खयानत का प्रकरण दर्ज किया है।

खाचरौद के आदेश्वर गली में रहने वाला मोहम्मद आवेश पिता मोहम्मद रईस पटेल उन्हेल थाना क्षेत्र के पिपलिया मोलू चौराहा से मूंगफली का कारोबार करता है। उसका माल मध्यप्रदेश से राजस्थान तक पहुंचता है। 19 सितंबर को उसने 32 क्विंटल मूंगफली ट्रक चालक ज्ञानचंद मीणा निवासी सवाई माधोपुर के साथ चित्तौडगढ़ और ब्यावर के लिये रवाना की थी। चार दिन बाद मूंगफली संबंधित व्यापारियों तक नहीं पहुंची तो उन्होने मोहम्मद आवेश से संपर्क किया। चालक की जानकारी जुटाई गई तो वह लापता था। उसका मोबाइल भी स्वीच ऑफ मिला। कुछ दिनों तक चालक का पता लगाया गया लेकिन नहीं मिलने पर लिखित शिकायत उन्हेल थाना पुलिस से की गई। पुलिस ने सभी तथ्यों को एकत्रित करने के बाद 6 अक्टूबर की रात मामले में चालक के खिलाफ अमानत में खयानत का प्रकरण दर्ज कर लिया। पुलिस के अनुसार आरोपी चालक का पता लगाया जा रहा है। एक टीम सवाई माधोपुर भेजी जायेगी।

दूसरी जगह ठिकाने लगाने की आशंका

माना जा रहा है कि चालक ने 32 क्विंटल मूंगफली उन्हेल से भरने के बाद किसी दूसरी जगह ठिकाने लगा दी है। मूंगफली की कीमत 1 लाख 21 हजार रुपए से अधिक है। लाभ कमाने के उद्देश्य से चालक ने अमानत में खयानत को अंजाम दिया है। उसकी गिरफ्तारी के बाद पुलिस उस स्थान तक पहुंचेगी, जहां उसने मूंगफली को ठिकाने लगाया है, जिसकी बरामदगी के प्रयास भी किये जायेगें।

देशभर में घूमता रहा है चालक- बताया जा रहा है कि चालक राजस्थान ट्रांसपोर्ट का ट्रक चलाता है। वह देश के अलग-अलग हिस्सों में जाता है। जहां माल की डिलेवरी देना होती है वहां से दूसरे राज्य का माल भरकर डिलेवरी के लिये निकल जाता है। वह महीने में एक-दो बार ही घर लौटता है। उन्हेल पुलिस को उसका पता लगाने में समय लगा सकता है।

दुपट्टे का फंदा बनाकर युवती ने लगाई फांसी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

किशनपुरा में रहने वाली युवती ने मंगलवार रात दुपट्टे का फंदा बनाकर फांसी लगा ली। परिजन उसे अस्पताल लेकर पहुंचे थे। बताया जा रहा है कि आत्महत्या से पहले उसने सुसाइड नोट लिखा था।



माधवनगर थाना पुलिस ने बताया कि किशनपुरा में रहने वाली सुमन पिता कमल गोठवाल 28 साल ने कमरे में पंखे से दुपट्टा बांध फंदा गले में डाला था। भाई आकाश कमरे में पहुंचा तो उसने बहन का लटका देखा। उसे परिजनों ने नीचे उतारा और चरक अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर मर्ग कायम कर बुधवार सुबह पोस्टमार्टम कराया गया। बताया जा रहा है कि युवती ने सुसाइड नोट लिखा था। जिसमें अपनी मर्जी से आत्महत्या करने और किसी को दोष नहीं होने की बात लिखी गई। परिजनों ने एक युवक पर आरोप लगाया है। माधवनगर थाना प्रभारी गजेन्द्र पचौरिया के अनुसार परिजनों के बयान दर्ज कर सुसाइड नोट जप्त किया जायेगा। उसके बाद आगे की कार्रवाई शुरू की जायेगी।

यमदूत बन दौड़ रहे वाहन फिर गई युवक की जान

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

शहर और आसपास के मार्गो पर वाहन यमदूत बनकर दौड़ रहे है। मंगलवार-बुधवार रात बड़नगर मार्ग पर फिर एक युवक की जान चली गई और दूसरा गंभीर घायल हो गया। पुलिस मौके से भागे वाहन की तलाश कर रही है।

बड़नगर का रहने वाला जाहिद पिता वाहिद खान 22 साल और वसीम पिता वकील खान 20 साल मिस्त्री का काम करते थे। उज्जैन में काम के लिये आये थे और रात में वापस बाइक से लौट रहे थे। चंदूखेड़ी के समीप अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी। दुर्घटना में दोनों गंभीर घायल गये थे। उन्हे एम्बुलेंस से चरक अस्पताल लाया गया। जहां डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद जाहिद को मृत घोषित कर दिया। दुर्घटना में युवक की मौत होने पर पुलिस अस्पताल पहुंची और घायल से पूछताछ के बाद परिजनों को सूचना दी। बुधवार सुबह मृतक का पोस्टमार्टम कराया गया। घायल का उपचार चल रहा है। चिंतामण थाना पुलिस के अनुसार मामले में मर्ग कायम किया गया है। वाहन अज्ञात है, जिसका पता लगाया जायेगा।

रात में हुई दुर्घटना से पहले सोमवार-मंगलवार रात दरगाह मंडी चौराहा पर बाइक सवार 2 दोस्तों को अज्ञात ट्रेक्टर चालक ने कुचल दिया था। बापूनगर में रहने वाले दीपक सोनी की मौत हो गई थी और उसका दोस्त आकाश सूर्यवंशी घायल हुआ था। चिमनगंज थाना पुलिस ने मौके से भागे ट्रेक्टर और चालक की तलाश शुरू की थी लेकिन बुधवार शाम तक चालक का पता नहीं चल पाया। इससे पहले भी देवासरोड पर दुर्घटना में 2 लोगों की मौत हो चुकी है।

रात में फोड़े कांच सुबह गिरफ्त में आया बदमाश

रात में कारों के कांच फोड़ने वाला बदमाश सुबह चंद घंटों बाद पुलिस की गिरफ्त में आ गया। जिसके खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया गया है। महाकाल थाना पुलिस ने बताया कि मुल्लापुरा में बीती रात 3 कारों के कांच अज्ञात बदमाश द्वारा फोड़ दिये गये थे। मामले की शिकायत राजेश पिता जगदीश प्रजापत की ओर दर्ज की गई थी। थाना प्रभारी गगन बादल ने कांच फोड़ने वाले की तलाश में एसआई के.के. मालवीय, प्रधान आरक्षक शैलेष योगी, आरक्षक लक्षदीप और अभिषेक की टीम बनाई थी। सुबह चंद घंटों में पुलिस टीम ने कांच फोड़ने वाले की पहचान क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से कर ली। जिसे गिरफ्तार किया गया है। आरोपी पवन उर्फ अक्षय पिता ओमप्रकाश मांझी निवासी मुल्लापुरा का रहने वाला है। उसने नशे की हालत में कांच फोड़ने की घटना को अंजाम दिया था। थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपी के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई कर न्यायालय में पेश किया जायेगा।

आनंदम संगीत परिवार का प्रथम संगीत समारोह आज कालिदास अकादमी में

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

संगीत प्रेमियों के लिए आनंदम संगीत परिवार द्वारा एक विशेष एवं मनमोहक संगीतमय संध्या का आयोजन 8 अक्टूबर को कालिदास अकादमी, उज्जैन में किया जा रहा है। यह आनंदम संगीत परिवार का प्रथम संगीत समारोह है, जिसका उद्देश्य संगीत के माध्यम से लोगों को जोड़ना, नवोदित कलाकारों को मंच प्रदान करना और संगीत के प्रति प्रेम एवं उत्साह को नई ऊर्जा देना है। कार्यक्रम के प्रमुख अतिथि के रूप में डॉ. सलूजा एवं महेश सितलानी उपस्थित रहेंगे। उनकी गरिमामयी उपस्थिति कार्यक्रम की शोभा बढ़ाएगी। इस विशेष संगीतमय आयोजन का संयोजन एवं आयोजन सुरेश सरवटे के मार्गदर्शन में किया जा रहा है। उनके साथ रविंद्र मालवीय एवं सुनीता बैरागी आयोजक के रूप में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं, जबकि हेमा गडकरी सह-आयोजक के रूप में कार्यक्रम को दिशा एवं सहयोग प्रदान कर रही हैं। कार्यक्रम में आनंदम संगीत परिवार के प्रतिभाशाली कलाकारों द्वारा एकल एवं युगल गीतों की मनमोहक प्रस्तुतियाँ दी जाएंगी। इसके साथ ही संगीत से जुड़े रोचक एवं मनोरंजक आयोजन भी होंगे, जो श्रोताओं को पूरे कार्यक्रम से जोड़े रखेंगे। आनंदम संगीत परिवार की विशेषता यह है कि यह केवल मंच पर प्रस्तुति देने वाला समूह नहीं, बल्कि संगीत के माध्यम से दिलों को जोड़ने वाला एक परिवार है। यहाँ अनुभवी कलाकारों के साथ नए एवं उभरते कलाकारों को भी अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर दिया जाता है।



स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, महाकाल मंदिर मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-संदीप मेहता 9827771777 फोन : 0734-4012777 Email -dainikbrahmastra@gmail.com